Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

विदेशी ब्राह्मणों की मातृभूमी

यूरेशिया

(ब्राह्मण विदेशीं है इस नए विश्व स्तरीय डी.एन.ए. रिपोर्ट का अंतिम फैसला !)



✲ प्रस्तावना ✲

मा. वामन मेश्राम

(राष्ट्रीय अध्यक्ष, बामसेफ, नई दिल्ली)

✲ लेखन एवम् संपादन ✲

प्रो. विलास खरात

(डायरेक्टर, डा० बाबासाहेब आम्बेडकर रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली)

प्रकाशक : डा० बाबासाहेब आम्बेडकर रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

विदेशी ब्राह्मणों की मातृभूमि

युरेशिया

(ब्राह्मण विदेशी है यह नये वैश्विक डीएनए अनुसंधान का अन्तिम फैसला!)

* लेखन तथा संपादन *

प्रो. विलास खरात

(डायरेक्टर, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर रिसर्च सेंटर)

* प्रकाशक *

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर रिसर्च सेंटर

नई दिल्ली - ११०००५

Email - vilaskharat1818@gmail.com

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

विदेशी ब्राह्मणों की मातृभूमि

युरेशिया

(ब्राह्मण विदेशी है यह नये वैश्विक
डीएनए अनुसंधान का अन्तिम फैसला!)

लेखन तथा अनुवाद : **प्रो. विलास खरात**
(डायरेक्टर, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली)

प्रथम आवृत्ती : ७ मई, २०२०

प्रकाशक : डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रिसर्च सेंटर
मकान नं. ११२६३, जी.एफ. केलाकोठी
डोरीवालान, गौशाला रोड, रोहतक रोड के पास
नई दिल्ली - ११० ००५

© **संपूर्ण अधिकार प्रकाशक के अधीन**
(खाजगी वितरणासाठी)

टाइप सेटिंग : डॉ. बाबासाहब आंबेडकर रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली
मुखपृष्ठ : प्रसाद जाधव, कोल्हापुर
मुद्रक : छत्रपती प्रिंटिंग प्रेस,
सर्व्हे नं. ५,४/३११, केशव नगर, मुंढवा
पुणे - ४११०३६ (०२० २६८१२९३२)

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

– समर्पण –

"मूलनिवासी राष्ट्रवाद के जनक महान सिंधु सभ्यता के प्रवर्तक–पणि अर्थात नाग लोग तथा इन नाग लोगों के महान नेता, महापुरुष तथागत बुद्ध, सम्राट अशोक, फुले–शाहू–आंबेडकर

और

पुरातत्व तथा डीएनए अनुसंधान का निष्पक्षता से अध्ययन करनेवाले अनुसंधानकर्त्ता

सर मॉर्टिमर व्हिलर,

डॉ. मायकेल बामशाद

और

डेव्हिड रिच इन्हें समर्पित"

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	पृष्ठ क्र.
	प्रस्तावना (मा. वामन मेश्राम)	८
१.	आक्रमणकारी विदेशी ब्राह्मणों ने हिंसा के जरिये सिंधु सभ्यता नष्ट की - सर मॉर्टिमर व्हिलर	१३
२.	इतिहास में बेहद ज़ालिम, बेरहम लोगों की जानकारी डीएनए संशोधन के जरिये उजागर हुई। - कालिन बारास, ३० मार्च, २०१९	२०
३.	भारत में आर्यों को स्थालांतर नये अनुसंधान से पुष्टि! -टोनी जोसेफ	३३
४.	राखीगढ़ी डीएनए रिपोर्ट के बारे में ब्राह्मण बनिया मीडियाने झूठी खबरें क्यों फैलाई? - प्रो. विलास खरात	४२
५.	डीएनए अनुसंधान के जरिये भारतीय अनुवांशिकता की गुत्थी सुलझी - डॉ. प्रताप चाटसे	५७
६.	डीएनए अनुसंधान की सहायता से खोज, मूलनिवासियों की - संचित धनवे	६९
७.	मूलनिवासी राष्ट्रवाद से ही देश में खुशहाली होगी! -प्रो. विलास खरात	१११
८.	मूलनिवासी राष्ट्रवाद से ही विश्व का कल्याण होगा! -डॉ. प्रताप चाटसे	१४६
	उपसंहार ब्राह्मण आखिर विदेशी !	१५२

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

भाग – II
परिशिष्ट

क्र.	विषय	पृष्ठ क्र.
	(अ) मूल डीएनए रिपोर्ट	१६१
१.	Cell जर्नल की रिपोर्ट हडप्पा सभ्यता की अनुवांशिकता में स्टेप प्रदेश के घुमन्तु या ईरानी खेतिहरों के गुणसुत्र का अभाव (७ सितम्बर २०१९ के Cell डीएनए रिपोर्ट का हिन्दी अनुवाद)	
२)	दि. ३१ मार्च, २०१८ के ९२ साइंटिस्ट की डीएनए रिपोर्टः– दक्षिण और मध्य एशिया की अनुवांशिक संरचना	१९७
	(ब) अखबारों की खबरें	
१)	दि. २१ मई, २००१ द टाईम्स ऑफ इंडिया, 'ऊंचे वर्ण के भारतीय पुरुष युरोपियन वंश के, डीएनए रिसर्च का दावा'	२३७
२)	आर्य को भारतीय साबित करने में अनुसंधानकर्त्ता को कामयाबी – एबीपी माझा दि. ३ सितम्बर, २०१९	२४०
३)	दि. ७ सितम्बर, २०१९ – द टाईम्स ऑफ इंडिया भारत पर आर्यों का आक्रमण हुआ ही नहीं। ऐसा सिंधु संस्कृति की आनुवंशिक अनुसंधान ने कहा	२४१
४)	दि. ७ सितम्बर, २०१९ – द हिंदू – 'सिंधु सभ्यता के मूलनिवासियों में अलग ही अनुवांशिक वंशावल (कुल) थी।' जिमोम रिपोर्ट	

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

दर्शाता है कि, सिंधु सभ्यता में घुमन्तु लोगों की
या इरानी कृषकों के गुणसूत्र मौजूद नहीं। २४३

५) दि. ७ सितम्बर, २०१९ – राजस्थान पत्रिका
'बड़ा खुलासा – हरियाणा के राखीगढ़ी में मिले
हजार साल पुराने अवशेष का अध्ययन –
आर्यों ने भारत पर नहीं किया था आक्रमण,
वे यही के मूलनिवासी थे!' २४६

६) दि. १५ सितम्बर, २०१९ – राजस्थान पत्रिका,
बाडमेर संस्करण. 'इतिहास का वर्तमान : साईन्स जर्नल में
प्रकाशित हुआ ११७ वैज्ञानिकों का अध्ययन,
हाल ही का दावा किया गया था कि आर्य
भारत के रहनेवाले थे।' 'नये डीएनए खोज से
२०१८ के खोज की फिर पुष्टी, आर्य बाहर से ही
भारत में आये थे।' २४७

७) दि. ७ सितम्बर, २०१९ – दै. जागरण,
'विदेशी नहीं, भारत के मूलनिवासी थे आर्य।' २४८

८) दि. ७ सितम्बर – २०१९ – दैनिक लोकमत
'डेक्कन कॉलेज का संशोधन'– डीएनए द्वारा दावा–
'आर्य मूल भारतीय!' २५०

९) दि. ४ अक्तुबर २०१९ दै. अमर उजाला
'भारत में मूलनिवासी का प्रश्न खड़ा करना
विदेशियों की साजिश।' २५१

१०) १ अक्तुबर, २०१९ दै. भास्कर
(अकोला, महाराष्ट्र, संस्करण) संघ प्रमुख
मोहन भागवतने कहा –''भारत हिंदू राष्ट्र है,
इस सच को कोई नहीं बदल सकता।'' २५२

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

११) दि. ११ अक्तुबर, २०१९ दै. लोकमत,
(जालना डॉ. वसंत शिंदे, अंतरराष्ट्रीय जर्नल में
संशोधन प्रकाशित; भारतीय है इसका ठोस सबूत
''हडप्पा संस्कृति के आर्यो का थ्री डी चेहरा तैयार'' २५३

१२) दि. ११ अक्तुबर, २०१९ दै. भास्कर, भोपाल संस्करण
'पहली बार वैज्ञानिकों ने सिंधु घाटी सभ्यता के
लोगों के चेहरे को आकार दिया; वे कैसे दिखते थे
यह अनुमान लगाना आसान।' २५५

१३) पांचजन्य - आरएसएस का मुखपत्र
दि. २० अक्तुबर, २०१९ डॉ. वसंत शिंदे की
पांचजन्य ने ली हुई मुलाकात। २५७

१४) मीडिया में झूठी खबरें फैलाने के लिए
डॉ. वसंत शिंदे को भारत मुक्ती मोर्चा द्वारा
कानूनी नोटिस २६३

****

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

प्रस्तावना

विदेशी ब्राह्मणों की मातृभूमि युरेशिया

विदेशी ब्राह्मणों की मातृभूमि 'युरेशिया' (ब्राह्मण विदेशी हैं यह नये वैश्विक डीएनए अनुसंधान का अन्तिम फैसला) इस किताब की प्रस्तावना लिखने के लिए मुझे विलास खरात ने अनुरोध किया। लॉकडाउन की वजह से मैं घर में बैठा हूँ, इसलिए मेरे पास लिखने के लिए समय है। इस बात को ध्यान में रखते हुऐ विलास खरात के अनुरोध को स्वीकार किया।

डीएनए रिपोर्ट रिपोर्ट–२००१ के पहले की स्थिति :

डीएनए रिपोर्ट आने से पहले भारत में ब्राह्मण विदेशी हैं या नहीं हैं यह विवाद उन्होंने ही निर्माण किया था। क्योंकि, ब्राह्मण इतिहास विषय में, पुरातत्व में, इंडोलॉजी में, भाषाशास्त्र में बड़े पैमाने पर दखल रखते थे। इस वजह से इन विषयों में भ्रांतियां निर्माण करने में कामयाब होते रहे हैं और यह भ्रांतियाँ उन्होंने जानबूझकर निर्माण की हुई थी। यह भ्रांति निर्माण करना इसलिए जरुरी था कि अंग्रेजों को विदेशी घोषित करके अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया था और इसके लिए उन्होंने १९४२ के भारत छोड़ो आंदोलन का सहारा लिया था। इसलिए उन्हें डर है कि जिस विदेशी होने के आधार पर हमने अंग्रेजों को भारत से भगाया था, उसी सिद्धान्त के आधार पर हमें भी भारत से भगाया जा सकता है। इस डर की वजह से उन्होंने बड़े पैमाने पर भ्रांतिया फैलाई थी। इन भ्रांतियों से उन्हें काफी समय तक फायदा भी हुआ।

फिर डीएनए रिपोर्ट आई :

२००१ में माईकल बामशाद द्वारा डीएनए रिपोर्ट तैयार की गई। डीएनए प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में होता है। इसके आधार पर हजारों साल पहले के आपके पुरखे कौन थे, इसका पता किया जा सकता है। माइकल बामशाद ने सारी दुनिया के लोगों का डीएनए इकट्ठा किया और ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों का डीएनए

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

सारी दुनिया से मिलाया तो पता चला कि ब्राह्मणों का डीएनए युरेशिया के लोगों से मिलता है और इससे सिद्ध हुआ कि ब्राह्मण भारत के मूलनिवासी नहीं है। वे लोग युरेशिया में रहनेवाले विदेशी लोग हैं। युरेशिया, भौगोलिक क्षेत्र के तौर पर कालासागर के पास बसा हुआ प्रदेश है और इस तरह से ब्राह्मण विदेशी है यह सिद्ध हो गया।

ब्राह्मणों पर परिणाम :

इस रिपोर्ट का भारत में ब्राह्मणों पर बहुत गंभीर परिणाम हुआ। २००४ में एक गैर-ब्राह्मण सरदार को जिसका नाम मनमोहन सिंह था, उसको प्रधानमंत्री बनाया। जबकि प्रधानमंत्री के लिए सबसे ज्यादा योग्य व्यक्ति प्रणव मुखर्जी थे मगर बंगाली ब्राह्मण थे। प्रधानमंत्री पद का कार्यभार परदे के पीछे से प्रणव मुखर्जी ही देख रहे थे, मगर दुनिया को दिखाने के लिए मनमोहन सिंह को सामने रखा गया था।

२०१४ में आरएसएस के ब्राह्मणों के पास प्रधानमंत्री पद के लिए सुषमा स्वराज योग्य व्यक्ति होने के बावजूद भी नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाया और सत्ता पर बिठाया। मगर, दिखाई यह दे रहा है कि परदे के पीछे से सारे सत्ता सूत्र ब्राह्मणों के पास है। ये दो बड़ी घटनाऐं सिद्ध करती है कि डीएनए रिपोर्ट ने ब्राह्मणों के सोचने समझने पर काफी गंभीर परिणाम किया।

राखीगढ़ी का डीएनए :

हरियाणा में राखीगढ़ी में काफी पुराने कंकाल मिले, उस समय केंद्र में आरएसएस के ब्राह्मणों की सरकार थी। उन्होंने इसे अवसर माना और राखीगढ़ी में अपना डीएनए मिलने की आशा की मगर, वहां भी ब्राह्मणों का भारतीय डीएनए उपलब्ध नहीं हुआ। उस रिपोर्ट को वसंत शिंदे द्वारा जो डेक्कन कॉलेज पूना के डीन थे और राखीगढ़ी प्रोजेक्ट के प्रमुख थे, उनको दबाव में लेकर उस रिपोर्ट को बदलने की कोशिश की, उसमें उनको कामयाबी नहीं मिली। वसंत शिंदे ने जो रिपोर्ट तैयार की वह लगभग १७ पेजेस की है और विदेशी मैग्जिन में पब्लिश हुई है। उस रिपोर्ट में ब्राह्मणों का डीएनए भारतीय है, ऐसा नहीं बताया। मगर,

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

आरएसएस के ब्राह्मणों ने वसंत शिंदे को मैनेज किया और टीवी पर इंटरव्यू दिलवाया। वहां उसके द्वारा कहलवाया कि ब्राह्मणों का डीएनए भारतीय है। इसके बदले में वसंत शिंदे को एक पद ऑफर किया। आज वसंत शिंदे बहुत बड़े रिसर्च इन्स्टिट्यूट के डायरेक्टर बना दिए गये। ब्राह्मणों ने वसंत शिंदे के द्वारा जो बयान दिलवाया उस बयान के बदले में वसंत शिंदे को लालच दिया, यह बात सिद्ध होती है। इससे यह सिद्ध होता है कि टीवी पर वसंत शिंदे द्वारा दिया हुआ बयान झूठा है। हम लोगों ने वसंत शिंदे को लिगल नोटिस दिया हुआ है। वसंत शिंदे के विरोध में हम कभी भी कोर्ट में केस दायर कर सकते हैं।

विदेशी शोधकर्ताओं ने शिंदे के बयान को नकार दिया :

इस शोध कार्य पर दुनिया भर के विद्वानों की नजर लगी हुई थी, जिसमें पुरातत्व और डीएनए के वैज्ञानिक थे। जब वसंत शिंदे ने ऐसा झूठ बयान दिया तो दुनिया के १०० से ज्यादा डीएनए वैज्ञानिकों ने वसंत शिंदे की बात को नकार दिया। ब्राह्मणों के लिए यह बात बहुत धक्कादायक थी। ऐसी स्थिति में भारत में ब्राह्मणों की सामाजिक, राजनीतिक स्थिति बड़े पैमाने पर डाँवाडोल हो सकती है, ऐसा खतरा ब्राह्मणों को महसूस हुआ। वसंत शिंदे के बयान को नकार देने के लिए १०० से ज्यादा लोगों ने जो बयान दिया वह ब्राह्मणों के लिए बहुत खतरनाक है। उनका कहना है कि युरेशिया के जिन लोगों ने योरोप में हिंसा का ताण्डव किया उन्हीं लोगों ने भारत में भी हिंसा का ताण्डव किया। वहाँ की संस्कृति को, लोगों को हिंसा के द्वारा तहस-नहस किया। यह बातें उन्होंने शोध में जो सामने लायी वह बहुत ही भयंकर बातें हैं। इससे सिद्ध होता है कि भारत में ब्राह्मणों का वर्चस्व हिंसा की वजह से है। हिंसा के द्वारा यह वर्चस्व स्थापित किया है। केवल प्राचीन समय में सिंधुघाटी की सभ्यता को ही नष्ट नहीं किया, बल्कि उस संस्कृति को और शांति प्रिय लोगों को भी नष्ट किया। बाद में बुद्ध की क्रांति के बाद जो मूलनिवासियों ने अपना साम्राज्य चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक मौर्य के द्वारा विशाल साम्राज्य स्थापित किया और भारत की दुनिया में महान बनाया। उस साम्राज्य को भी हिंसा के द्वारा नष्ट किया और यह बात सम्राट बृहद्रथ मौर्य की

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

हत्या पुष्यमित्र शुंग के द्वारा की गई इससे स्पष्ट होता है। इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि इसके द्वारा भारत के मूलनिवासियों पर इस प्रतिक्रांति के बाद वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता, ५२ प्रतिशत ओबीसी पर शूद्रत्व थोपा जाना, नॉमेडिक ट्राईब्स के लोगों को बहिष्कृत करना और आदिवासियों को जंगलों में रहने को मजबूर करना और महिलाओं को दास बनाना संभव हुआ। यह व्यवस्था हिंसा के द्वारा भारतीय लोगों पर थोपी गई व्यवस्था है। इतना ही नहीं, दि. ०९ अगस्त १९४२ को जो भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया गया उसमें भी ब्राह्मणों ने भारत पर हिंसा द्वारा अपना वर्चस्व स्थापित किया। आजाद भारत में हिंसा के द्वारा मुसलमानों के विरोध में ६५ हजार फसादात करवाकर हिंसा का सहारा लेकर मूलनिवासी भारतीय लोगों को अपना गुलाम बनाया। संविधान होने के बावजूद भी उन्होंने ऐसा किया। ये सारे उदाहरण इस बात को सिद्ध करते हैं कि हिंसा ब्राह्मणों का स्थायी स्वभाव है। इसलिए भारत के मूलनिवासियों को आजादी कैसे मिलेगी? यह बहुत बड़ा प्रश्न है।

भारत पर ब्राह्मणों ने हिंसा के द्वारा कब्जा किया :

दि. ०९ अगस्त, १९४२ को ब्राह्मणों ने हिंसा के द्वारा कब्जा करने की कोशिश की। मुसलमानों की वजह से यह करना संभव नहीं हो रहा था, यही वजह है ब्राह्मणों ने भारत पर कब्जा करने के लिए भारत का विभाजन किया और पाकिस्तान बनाया। अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए भारत में सेपरेट इलेक्टोरेट के द्वारा सत्ता में हिस्सेदारी हांसिल करके आजादी मिल सकती थी। वह आजादी ना मिल सके, इसलिए उन्होंने अंग्रेजों के साथ गुप्त समझौता किया। इस गुप्त समझौते में बहुत सारी बातें हो सकती है। केवल एससी और एसटी को सेपरेट इलेक्टारेट नकारना ही नहीं, बहुत सारे समझौते हो सकते हैं और यह समझौते गुप्त हो सकते हैं। इसका एक बड़ा सबूत १९८४ सिखों का सबसे बड़ा धार्मिक क्षेत्र दरबार साहब पर इंदिरा गांधी ने मिलिटरी के द्वारा हमला किया। जब भारतीय मिलिटरी यह हमला कर रही थी उसमें अंग्रेजों की मिलिटरी भी शामिल थी। भारतीयों को आजादी मिलने के ३७ साल के बाद भी अंग्रेज ब्राह्मण को भारत पर

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

कब्जा बनाए रखने में मदद क्यों कर रहे थे? यह उदाहरण उस गुप्त सौदेबाजी को सिद्ध करता है। यह घटना भी हिंसा के द्वारा घटित घटना थी। संक्षेप में ब्राह्मणों ने भारत पर हिंसा के द्वारा कब्जा किया हुआ है। इस कब्जे को बनाए रखने के लिए देशद्रोह का भी काम किया है, भारत का विभाजन इस बात का सबूत है।

मूलनिवासियों की जागृति :

जैसे-जैसे मूलनिवासियों की जागृति बढ़ रही है और ब्राह्मणों का विदेशी होना केवल सिद्ध ही नहीं हो रहा है, बल्कि करोड़ों लोगों को मालूम भी हो रहा है कि ब्राह्मण हमें गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। इसलिए भारत में ब्राह्मण विरोधी जागृति, संगठन और आंदोलन बढ़ रहे है। इनको उलझाने के लिए मूलनिवासियों को एनपीआर, एनआरआईसी, सीसीए के आधार पर विदेशी साबित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ब्राह्मणों के पास डीएनए के अनुसार विदेशी साबित होने की वजह से कोई उपाय नहीं मिल रहा है। विदेशी कहने वाले भारतीय लोगों के पास दस्तावेजी प्रमाण ना होने के आधार पर विदेशी साबित किया जा सकता है। ऐसा हो सकता है और इसके आधार पर देश तोड़ने की दोबारा कोशिश हो सकती है। इस परिस्थिती में मूलनिवासियों को जल्द से जल्द जागृत होने की और अपनी आजादी हासिल करने की जरुरत है। दोबारा भारत के विभाजन को पूरी ताकत से रोकने की जरुरत है।

उपरोक्त किताब पर और भी बहुत कुछ कहा जा सकता है, मगर अब इतना ही लिखना चाहता हूं। मुझे विलास खरात ने प्रस्तावना लिखने के लिए अनुरोध किया और अवसर दिया इसलिए विलास खरात को धन्यवाद!

वामन मेश्राम
राष्ट्रीय अध्यक्ष, बामसेफ
नई दिल्ली

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

अध्याय –१

आक्रमणकारी विदेशी ब्राह्मणों ने हिंसा के जरिये सिंधु सभ्यता नष्ट की

–सर मॉर्टिमर व्हिलर

(सर मॉर्टिमर व्हिलर यह विश्वमान्य पुरातत्वविद् हैं। (१८९०–१९७६) वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (Archeological Survey of India) के प्रबंध निदेशक (Director General) भी थे। इतना ही नहीं बल्कि वे शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के तरह–तरह के प्रोजेक्ट का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। इससे इतिहास एवं पुरातत्व विषय में उनकी शोहरत पूरे विश्व में मशहूर है। उन्होंने हडप्पा एवं मोहेंजोदारो का नये सिरे से उत्खनन किया और नई खोज की। 'Civilization of the Indus Valley and Beyond' १९६६ का सिंधु सभ्यता पर लिखा गया यह ग्रंथ पूरे विश्व में नवाजा गया। उन्होंने उसमें सबूतों के साथ यह सिद्ध किया कि, विदेशी ब्राह्मणों ने सिंधु सभ्यतापर हमला करके मूलनिवासी सिंधुजन की कत्तल की। सिंधु सभ्यता यह विदेशी आक्रमणकारी ब्राह्मणों की हिंसा से खत्म हो गई यह सबूतों के आधार पर साबित किया। उनका कहना आज डीएनए विज्ञान से प्रमाणित हुआ है। विदेशी ब्राह्मणों का दौर उन्होंने इ.स.पूर्व २००० वर्ष दिखाया और वही दौर सिंधु सभ्यता की बर्बादी का दौर है। विदेशी युरेशियन स्टेप ब्राह्मणों के भारत में आने का काल भी डीएनए विज्ञान ने यही दर्शाया है। इससे व्हिलर की खोज सत्य साबित होती है। आरएसएस के ब्राह्मण शिंदे को आगे करके व्हिलर के नाम से घृणा करते है। दरअसल व्हिलर का कहना ही सत्य साबित हुआ है। पाठक वर्ग को व्हिलर की सटीक खोज क्या थी इसकी जानकारी के लिए उनके ग्रंथ का एक हिस्सा यहाँ अनुवाद के रुप में प्रकाशित कर रहे है।)

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

नष्ट हो रही सिंधु संस्कृति को अंतिम झटका कब लगा? कुछ सालों पहले ही मैंने यह सुझाया था कि, भारतीय उपखण्ड के उत्तर-पश्चिम की ओर के आर्य आक्रमक ही सिंधु संस्कृति को नष्ट करनेवाले मुख्य लोग थे। यह बात आज यदि साबित नहीं कर सकते और मैं यह जो कह रहा हूँ वह शायद गलत भी हो सकता है, किन्तु इतिहास में ऐसा कुछ हुआ ही नहीं यह हम नहीं कह सकते। सैलाब के जल से सिंधु सभ्यता नष्ट हो गई थी यह सिद्धांत जो सबका पसंदीदा विषय बन चुका है, वह कोई सिंधु सभ्यता के पतन का इकलौता कारण नहीं हो सकता क्योंकि हडप्पा और मोहेंजोदरो के घुमावदार मीनार (टावर) पूरी तरह जल के नीचे डूबे नहीं थे। इसके अलावा मुमकिन यह है कि वर्तमान में जिसे हम हडप्पा कहते है, जो सिंधु काल का हरियुपिया शहर था जिसका जिक्र ऋग्वेद में भी मौजूद है। ऋग्वेद अतिप्राचीन काल के मंत्रों से भरे हुये गीतों की रचना है। जिसमें आर्य के आक्रमण का जिक्र किया गया है। आर्य आक्रमकों ने स्थानीक मूलनिवासी सिंधु सभ्यता के लोगों पर शिकस्त पाने का वर्णन ऋग्वेद में मौजूद है।

आम नज़रिये से सोचनेपर नज़र आता है कि, ऋग्वेद में जो वर्णन किया है वो सिंधु सभ्यता के पतन के हालात से हुबहू मेल करता है। वैदिक ऋचाओं में पांच नदीयों के प्रदेश का याने पंजाब एवं उसके इर्दगिर्द के प्रदेश का जिक्र बार बार

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

किया गया है। मूलनिवासी घेरेबंद शहरों पर आक्रमण करके उन्होंने सिंधुजन का किया हुआ नरसंहार का वर्णन उसमें बारबार नज़र आता है। उन शहरों को ऋग्वेद में 'पूर' (याने किला या शक्तीस्थान) कहा गया है। शहर की रक्षा के लिए बनाया हुआ किला या दुर्ग यह पत्थरों से बनाया गया था जिसे ऋग्वेद में 'अस्सामायी' कहा गया है, जिसे मिट्टी की ईटें 'कच्ची या भूनी हुई ईटें' कहा गया है। आर्यों का मूल देव इंद्र का सिंधु सभ्यता के 'किले' या 'पूर' तोड़नेवाला याने 'पूरंदर' कहकर ऋग्वेद में जिक्र किया गया है। आर्यों के नेतृत्व में काम करनेवाले दिवोदास के लिए वह सिंधु सभ्यता के 'निन्यानवे किले' नष्ट करता है। संक्षेप में कहा जाये तो वह सिंधु सभ्यता के किले या पूर इस तरह नष्ट करता है जैसे की समय कपड़ों को जीर्ण कर देता है।

ऋग्वेद में किये गये वर्णन के 'किले' या 'पूर' असल में थे कहाँ? नये अनुसंधान में उजागर हुये दुर्ग में मौजूद टीले हडप्पा तथा मोहेंजोदरो सें प्राप्त हुये है; उसी तरह, हडप्पा समान ऐसे ही स्थान मक्राण में सुर्कागेन जेर सिंध में अली मुराड और अब राजस्थान में कलिबंगन इन स्थानों से प्राप्त हुये है और यह तमाम स्थल इंद्र के दुश्मन के अहम शक्तिकेंद्र थे यह दिखाई देता है। कुछ भी हो, किंतु

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

विकसित सिंधु सभ्यता के लोगों के बैरी कौन थे यह अब तक पहचाने नहीं गये। दुःख की बात यह है कि, भारत के उत्तर-पश्चिम पर आक्रमण करनेवाले आर्यों की तारीख अब भी तय नहीं हो सकी। उस बारे में आज भी उलझनें है। किन्तु इसवी सन पूर्व दूसरे सहस्त्राब्दी के दौर में आर्यों ने भारत पर आक्रमण किया था, यह समझने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। पर इ.स.पूर्व पहले सहस्त्राब्दी के मध्यतक वह आक्रमण जारी रहा यह सबूतों के आधार पर नहीं कह सकते।

आकृति ८७ - पहले के मोहेंजोदरो में प्राप्त नींव, कुऐं इन पर जब बाद के काल में मकान बनाये गये तब नये निर्माण कार्य से वे नीचे गहराई में दब गयें। जिससे उपरोक्त चित्र में दिखाये गये मुताबिक अजीब से हालात पैदा हो गये थे। उपरोक्त चित्र में दिखाये गये कुऐं एक नली के स्वरुप में नज़र आते है, जो बाद के काल में बनाये गये थे। जिस आँगन में उसे खोदा गया था वहाँ पर कुऐं का मुँह खुला हुआ नज़र आता है। (ct III,१९) परंतु उस कुऐं को और गहराई में खुदाई करने पर यह दिखाई दिया कि, पहले घरों पर जो परतें जम गई थी वहाँ पर कुआँ खोदा गया था लिहाजा वह जमीन के ऊपर खुला हुआ दिखाई देता है और दोनों के बिच में ईटों के मकान दिखाई देते है।

मोहेंजोदरो के ऊपरी सतह से प्राप्त तकरीबन आधे दर्जन कंकाल पर चर्चा करना अब जरुरी हो गया है। मेरे अलावा कई लेखकों ने उन्हें बहुत कुप्रसिद्ध किया है किन्तु असल में उसे कुछ भी अहमियत नहीं है यह नहीं कह सकते। दुर्भाग्य से उनमें से बहुत से कंकालों की अनुसंधानकर्त्ताओं ने दखल नहीं ली। वह तमाम कंकाल एक ही काल के थे ऐसा कहा जाता है और शहर का वह नवीनतम काल था यह भी कहा जाता है। हालांकि वे ऊपरी सतह से प्राप्त हुये है फिर उसका काल शहर के संहार की शुरुआत का काल था यह नज़र आता है। ऐसा लगता है कि शहर के अंत का काल यही कंकाल दर्शाते है। 'DK एरिया में' दो कंकाल कुऐं की ओर जानेवाली सीढ़ियों पर पडे हुये नज़र आते है। तो दो कंकाल बाहर की ओर रास्तेपर पड़े हुये नज़र आते है। 'Vs एरिया में' मकान नं. XVIII से XXXIII के बीच की गल्ली के रास्ते पर ६ अस्थि-पंजरों का जत्था नज़र आता है। जिसमें एक बालक है और वह अस्थि-पंजर घर के बीचो-बीच, हाथ पाँव

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}



फैलाकर, आढ़े-तेढ़े गिरे हुये हैं। उस मकान के निर्माण का काल कुछ भी हो, किन्तु वह मकान ''वे लाशें उनके इर्द-गिर्द से प्राप्त चिजों की तुलना में बाद के दौर की होगी।'' यह आम तौर पर कहा जाता था। 'HB एरिया' के एक कमरे में पुरुष, महिलाऐं तथा एक बालक कूल १४ लाशें प्राप्त हो गई है; उनमें से कुछ लोगों के बदनपर सिंधु सभ्यता के गहने है, उससे उन्हें हिंसा से मारा गया था ऐसा लगता है, क्योंकि उनमें से दो कंकालों की खोपडी पर कुल्हाडी या तलवार के घाव नज़र आते है। उनका यह हाल अब तक समझ में नहीं आया है। इसका प्रतिवेदन (रिपोर्ट) बेहद बेबुनियाद लगता है। 'उपरोक्त कंकाल यह मध्यम हालात I से अंतिम पड़ाव III इस काल के हो सकते है,' आखिरी पड़ाव I के बाद के काल के भी हो सकते है, किन्तु यहाँ जो तसवीरें दिखाई दे रही हैं उससे उनके कंकाल उपरी सतह के होंगे ऐसा लगता है। सम्भावनाऐं कुछ भी हो सकती है किन्तु यहाँ पर जो तसवीरें नज़र आ रही हैं, उससे वे कंकाल ऊपरी स्तर के होंगे ऐसा लगता है।

८८, ८९ - मोहेंजोदरो के ऊपरी सतह में पुरातत्विक अनुसंधान में बहुत से शव इस तरह बरामद हुये है जैसे हिंसक आक्रमण से उनकी मृत्यु हो गई हो। बायीं ओर खड़े हालत में जो तसवीरें है वे 'HB एरिया' के एक कमरे में बिखरे हुये शव है। दाहिनी ओर की तसवीर में उन्हीं कंकालों की हालत दर्शाई गई है। जिनका कत्ल किया गया उन पीड़ित लोगों के बारे में तरह-तरह के पुरातत्विक

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

रिपोर्ट आगे आ रहे है। जिससे उपर्युक्त लाशों का काल बाद के काल का है यह साबित करने के लिए II 89 यह एक अहम सबूत है।

उन लाशों का दौर बड़ा हो सकता है किन्तु यदि उपर्युक्त तसवीर को सबूत माना जायें तो वह लाशें ऊपरी सतह के होंगे ऐसा लगता है। इसी तरह की पाँच लाशें यह 'HB एरिया' जी.एस.डेलस इन्हें १९६४-६५ में प्राप्त हुये है। जो बड़े बड़े घरों के बिचोबिच मौजूद एक पगडंडी में बीस तथा मिट्टी के ढेर से प्राप्त हुये हैं। वे बाद की अवस्था के होकर पगडंडी में के एक कोने में छिपकर बैठे थे ऐसा लगता है। 'DK एरिया' और एक लाशों का जत्था प्राप्त हुआ। जिसमें पाँच लड़के हैं। वे तमाम लाशें एक के ऊपर एक आड़ी तेड़ी रची हुई तथा जबरन गड्ढे में ठूंसी गई है ऐसा दिखाई देता है। ऐसा लगता है जल्दबाजी में बनाये गये गड्ढे में उन लाशों को फेंका गया होगा। किन्तु पुरातत्वविद् मैंके का हैरतभरा अनुसंधान कहता है कि, "समझने के लिए उस गड्ढें को कबर का गड्ढा कहा गया है किन्तु उस गड्ढे को चारों ओर से दिवार नहीं बनाई गई है और वे गड्ढे खोदे हुए भी नहीं लग रहें है।" फिर से एक बार हम कहाँ हैं? वहाँ कुछ मण्डली के साथ हाथी के दो दाँत थे और उसके बारे में मैके कहते हैं कि, "वे कंकाल एक ही परिवार के थे और जो हस्तिदंत से कलाकृति बनानेवाला परिवार था और वे अपने सामान के साथ भाग कर जानेवाले थे किन्तु हमलावार शत्रू ने उन्हें पकड़ लिया और उनका कत्ल किया। उन लाशों को जल्दबाजी में मिट्टी के निचे दफनाया गया तथा उनके लिए किसी भी प्रकार का दफनविधि नहीं किया गया ऐसा दिखाई देता है।" उनमें से एक लाश के बदनपर सिंधु सभ्यता के कंगण नज़र आते है। मध्यम पड़ाव III के काल के पत्थरी मकान के निचे उन कंकालों की हड्डियाँ इधर उधर बिखेरी हुई दिखाई देती है और उससे यह बदकिस्मत वाक़या बाद के Ia इस पड़ाव में हुआ होगा ऐसा पुरातत्वविद् को लगता है।

हैरानी की तथा अहम बात यह है कि, इन लाशों को मिट्टी से ढंका गया हैं। और मौत के बाद उन्हें जानबुझकर मिट्टी के निचे दफनाया गया है। पूरब के प्रदेशों में शव जल्द ही सड़ जाते है, लिहाज़ा वहाँ रहने के लिए आये नये लोगों को तकलीफ ना हो इसलिए उन शवों को तुरंत ही मिट्टी के निचे ढंका गया हैं।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

आकृति ९०, ९१ – बायीं ओर के दो कंकाल मोहेंजोदरो के 'DK एरिया' में रास्ते पर गिरे हुये नज़र आते हैं। उनकी दूसरी तरफ की तसवीर में इन्हीं कंकालों का समूह डॉ. जॉर्ज एफ. डेक्स इन्होंने १९६४ के उत्खनन में प्राप्त हुआ। वे अपनी सुरक्षा के लिए एक गली में कोने में छिपकर बैठे होंगे, ताकि आक्रमणकारी दुश्मन की नज़र में वे ना आ सके। पगड़ंडी के ईटों की दिवारें तथा नीचे गिरा हुआ कचरा यह अगले पड़ाव का है।

****

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

अध्याय – २

इतिहास के बेहद ज़ालिम, बेरहम लोगों की जानकारी प्राचीन डीएनए अनुसंधान के जरिये उजागर हो गई है।

–कोलीन बारास, मार्च ३०, २०१९

(COFFS COAST OUTLOOK से धन्यवाद के साथ)

५००० बरस पहलें यामनया इस वंश के लोग योरोप के हिंसक आक्रमण पर कूच कर गये थे। उनकी जानकारी हाल ही में आनुवंशिक अनुसंधान के जरिये दुनिया के सामने आ गई है।

स्टोनहेन्ज के विशाल, बड़े बड़े पत्थर तकरीबन ४५०० सालों पहले बनाये गये थे। उन स्मारकों की बुनियाद अबतक विवादग्रस्त होने के बावजूद भी अब हमें आनुवांशिक अनुसंधान के जरिये समझ में आ चुका है कि यह स्थल केवल कुछ सदियों में ही नष्ट होनेवाले वहाँ के निवासी के लिए स्मारक बन गया।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

उसके बाद, इंग्लंड के दक्षिण तट से स्कॉटलैंड के उत्तर-पूर्व किनारे तक के प्रदेश के हरेक ब्रिटिश शख़्स को आनेवाले आक्रमकों ने मार ड़ाला। वे लोक इतनी जल्दी नष्ट कैसे हुये यह अब तक समझ में नहीं आया, किन्तु उन्हें मारकर उनका स्थान हथियानेवाले लोगों की जानकारी अब उजागर हो रही है।

आक्रमण करनेवाले लोग यह पशुपालन करनेवाले यामनया लोग थे, जिन्होंने काला सागर से कॉकेशस पर्बत के उत्तर की ओर युरेशिया के 'स्टेप' प्रदेश पर कब्जा किया था। उन्होंने सिर्फ ब्रिटन पर ही आक्रमण नहीं किया था अपितु ५००० से ४००० सालों पहले उन्होंने तमाम योरोप अपने कब्जे में ले लिया था और उनकी आनुवंशिकता आज भी हमें इस प्रदेश में दिखाई देती है। उनके आगमन से योरोप में सामाजिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में बड़े परिवर्तन हो गये। मृत व्यक्ति को जमीन में दफनाने की परम्परा यकायक बदल गई। यकायक ही लड़ाकू वर्ग तैयार हो गया और उसके बाद जानलेवा हिंसा की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ गई। स्विडन में गोधेनबर्ग में युनिवर्सिटी में बोलते हुये क्रिस्तियनसेन ने कहा कि, ''मुझे अब पूरा यकीन हो गया है कि, उस वक्त योरोप में बड़ी मात्रा में नरसंहार हो गया है।'' उन्होंने तथा अन्य अनुसंधानकर्ताओं ने जब यह इतिहास इकट्ठा जोड़ने का प्रयास किया, तब यह सवाल हमेशा सताता रहा है कि, क्या यामनया लोग इतिहास के बेहद जालिम लोग थे?

५००० सालों पहले पुरापाषाणयुग में योरोप में ऐसे लोग रहते थे, जो स्टोनहेन्ज समान विशाल स्मारक बनानेवाले लोग थे वे शेती करनेवाले लोग थे तथा मिलजुलकर स्टोनहेन्ज समान स्मारक बनाना उन्हें पसंद था। ''सामूहिक जिंदगी बितानेवाले वे लोग थे।'' ऐसा क्रिस्लियनसेन ने कहा और उन्होंने उनकी विरासत बड़े बड़े पत्थर के स्मारकों में बरकरार रखी है और वे स्मारक उनकी कब्र (मज़ार) के रुप में आज भी मौजूद है। कुछ मज़ारों में तो २०० से भी ज्यादा लोग दफनाये गये है।

वे लोग फ़ितरत से अन्वेषक भी थे। जानवरों के प्राचीन हड्डियों के नमूने से यह नज़र आता है कि, मौजूद पालतू जानवरों का इस्तेमाल किस तरह करें

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

इसका उन्हें ज्ञान था, एवं उन जानवरों की सहायता से भारी चिजें किस तरह उठाई जाये और ढोया जाये इसका उन्हें ज्ञान था। शायद उनके पास पहियोंवाली गाड़ियाँ भी थी और यातायात के लिए उन्होंने प्रारंभिक दौर के रोड भी बनाये थे। वे इकट्ठे होकर एक बड़े नगर की तरह एकत्र रहते थे। जिसे क्रिस्तियनसन ने ''बड़ी बड़ी बस्ती (Mega settlements)'' कहा है ओर एक बड़ी बस्ती में तकरीबन १५,००० लोग साथ में रहते थे।

दूसरे शब्दों में कहा जाये तो, प्राचीन पुरापाषाण युगीन योरोप के लोग यह सामूहिक जिन्दगी बसर करनेवाले, विकसित तथा शांती प्रिय लोग थे। उसके बाद स्टेप लोगों के आक्रमण से सबकुछ बदल गया।

५००० सालों बाद दक्खन पूरब योरोप में जो हिस्सा फिलहाल पूरब के युक्रेन तथा पश्चिम की हंगेरी इन देशों के बिच में हैं। वहाँ पर नये तरीके से शवों को दफ़नाने की परम्परा शुरु हो गई ऐसा लगता हैं। शवों को सामूहिक रुप से दफनाने की बज़ाय हरेक मृत व्यक्ति को अलग अलग दफ़नाने की परम्परा शुरु हो गई। उसे पुरातात्विक भाषा में 'गढ्ढे की कब्र' कहा गया है। मृत व्यक्ति को पूरी तरह लाल रंग के गेरु से रंगा जाता था और कब्र का गड्ढा लकडी की पट्टी से ढंका जात था। उसपर कुछ मीटर तक ऊँचा मिट्टी का छोटा टीला बनाया जाता था। जिसे 'कुरगान' कहा जाता था। इस तरह मृत व्यक्ति को जमीन में दफ़नाने की परम्परा स्टेप विभाग में विकसित हो गई थी जो कि खास तौर पर यामनया लोगों ने शुरु की थी। फिनलंड की युनिवर्सिटी ऑफ हेलसिंकी में पुरातत्वविद् व्होलकर हेयड का कहना है कि, योरोप के अतिप्राचीन इतिहास का वह एक दुःख भरा हादसा था, जिसने वहाँ का सामाजिक रुप पूरी तरह बदल दिया।

उसके बाद निर्माण हुये बदलाव से सबकुछ बिखेर गया। बाद के कुछ दशकों में ही यामनया लोगों समान बरताव तथा उनकी इस्तेमाल की चिजें ४९०० सालों पहले या आसपास तमाम योरोप खण्ड में नज़र आने लगी थी। उसके बाद 'कॉर्डेड विअर पिपल' (बर्तनों पर नक्काशी करनेवाले लोग) इनका मध्य तथा उत्तर योरोप में अस्तित्व नज़र आने लगा था। जिन्होंने बर्तनों पर डोरी (रस्सी) से

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

नक्काशी करने की परम्परा शुरु की और जिन्होंने यामनया लोगों समान बरताव करना प्रारंभ किया। अब सवाल यह पैदा होता है कि, यामनया लोगों के रीति-रिवाज इतने बड़े प्रदेश पर इतनी तेज रफ़्तार से किस तरह फैल गए?

पाँच सालों पहले बहुत से पुरातत्वविदों की एक राय थी कि, कल्पना विकसित होकर प्रसारित होती हैं। जैसे कि, १९९० के उत्तरार्ध में एवं २००० के पूर्वार्ध में नोकिया मोबाईल ने पूरे योरोप को वशीभूत कर लिया था। किन्तु सन २०१५ में अनुवंशशास्त्रज्ञों ने इसे एक वैकिल्पक विचार दिया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में डेव्हिड रिच तथा युनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगेन के इस्के विलरस्लेव इन दोनों के नेतृत्व में मुक्त रुप से काम करनेवाले शास्त्रज्ञों के दो दलों ने (टिम) यह खोज की कि, जर्मनी के प्राचीन मज़ार (कब्र) में दफ़न हुये कॉर्डेडवेअर लोगों में तीन चौथाई लोगों में यामनया लोगों की आनुवंशिकता प्राप्त हो गई। इसका मतलब यह होता है कि, बाद के दौर में जनेऊधारी लोग (Corded Ware People) यह केवल यामनया लोगों का अनुसरण ही नहीं कर रहे थे बल्कि वे तो स्वयं यामनया लोगों के उत्तराधिकारी थे।

बिमारी, जंग एवं मौत का ताण्डव

बहुत से पुरातत्वविदों को हमारी यह कल्पना रास नहीं आई। युरेशियन स्पेट समान समतल प्रदेश से दक्खन-पूरब की ओर का योरोप समान जंगली प्रदेश में यामनया लोग गये होंगे इसपर उन्हें एतबार नहीं है और उससे भी ज्यादा घने जंगल के मध्य तथा उत्तर योरोप समान प्रदेश में वे लोग आगे बढ़ गये यह उन्हें हज़म ही नहीं हो रहा हैं। किन्तु हमारे अनुसंधान से यह साबित होता है कि, इतने घने जंगली प्रदेश में घुसकर यामनया लोगों ने वहाँ के स्थानिक निवासीयों को ही वहाँ से निकाला और जंगली जीवन शैली का तजुर्बा ना होते हुये भी वहाँ के स्थानिक निवासीयों को निकाला और यह सब उन्होंने कुछ ही पुश्तों में (पीढ़ी) किया। इतनी तेज रफ़्तार से यामनया लोगों ने अपना अतिक्रमण किस तरह कामयाब किया होगा इसके बारे में हेयड आज तक सोच रहे थे। किन्तु क्रिस्तियनसेन इन्हें यकिन है कि वे इसका खुलासा कर सकते है और उनकी खोज का स्वरुप यह

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

बिमारी, जंग, तथा मौत का ताण्डव इसपर निर्धारित है।

पहली बात ध्यान में लेने लायक यह है कि, यामनया लोगों के आने से पहले पुरापाषाण युगीन योरोप प्रदेश भी संकट-स्थिति से गुज़र रहा था। वहाँ के खेती से से जुड़े काम की जानकारी पुरातात्विक खुदाई में प्राप्त परागकोश के अध्ययन से निकाली गई तो पुरातत्वविदों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि, ५३०० सालों पहले उत्तर तथा मध्य योरोप की जनसंख्या सिमट रही थी। दिसम्बर २०१८ में, क्रिस्तियनसेन तथा उनके आनुवांशिकीविद् सहकर्मीयों ने एक स्पष्टीकरण किया है। फिलहाल के स्विडन में ५००० सालों पहले पुरापाषाण युगीन लोगों के दाँतों का अध्ययन करने पर उन्हें वहाँ 'महामारी के जीवाणु' (प्लेग बॅक्टेरिया) मिल गये, जो ब्लॅक डेथ इस बिमारी के पहले का स्वरुप था। आगे ज्यादा व्यवच्छेद करने से पता चला कि, ५७०० सालों पहले ही योरोप में प्लेग का फैलाव हुआ था।

दक्खन-पूरब योरोप के निवासीयों की संख्या ऊँचाई पर पहुँचने के बाद इस तरह के वाक़या होते थे, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है, यह क्रिस्तियनसेन ने कहा है। वे लोग उनकी बस्ती में मेलजोल बढ़ाकर, बड़ी मात्रा में भिड़ बनाकर तथा अस्वास्थकर ढंग से मवेशीयों के साथ में रहते थे और यह संसर्ग प्लेग को पनपने के लिए काफी था। वहाँ से मध्य तथा उत्तर योरोप से संपर्क करने के लिए उन लोगों ने पहियों की गाड़ी तथा रास्ते बनाये थे जिससे प्लेग का फैलाव वहाँ पर भी आसानी से हो गया। ''प्लेग की बिमारी से उन बस्तीयों को आग लगाकर जलाया जाता था तथा वहाँ के लोग वह प्रदेश छोड़कर चले जाते थे और यह सब ५७०० साल के बाद के दौर में हुआ था।'' ऐसा क्रिस्तियनसेन ने कहा है ओर लिहाज़ा वह स्थान बिमारी, तथा मौत का केंद्र बना होगा। और इसी मर्ज़ की वजह से ''५४०० सालों पहले वे लोग वह प्रदेश छोड़कर निकल गये थे।'' ऐसा क्रिस्तियनसेन ने कहा है। इसका मतलब यह है कि, कुछ सदियों बाद जब यामनया लोग योरोप में आये थे तब उनके सामने मूलनिवासी की जनसंख्या थी जो की संख्या से कम तथा शक्ति से दुर्बल हो चुके थे लिहाज़ा जब वे लोग दाखिल हुये तब यामनया लोगों का प्रतिरोध वे नहीं कर सके। फिर भी क्रिस्तियनसेन ने कहा

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

कि, इसका अर्थ यह नहीं कि, यामनया लोग यह इतनी बड़ी मात्रा में फैल गये और योरोपियनों में मेल करके उन्होंने कॉर्डेड वेअर लागों को जनम दिया। वे कहते है कि, इतनी बड़ी मात्रा में यामनया लोगों में जो बढ़ोत्तरी हो गई है वह केवल उनके परिवर्तनशिल तथा आक्रमक स्वभाव की वजह से। यह बता रहे है कि, आक्रमणकारी लोगों में युवा पुरुष थे एवं वे घोड़े पर यात्रा करके नये प्रदेश में दाखिल होते थे। बाद के काल तक भी उनकी महिलाऐं उनके आक्रमण में शामिल नहीं होती थी।

इस अनुमान से, २०१७ में एक विवादग्रस्त आनुवंशिक अनुसंधान उजागर हुआ। उसमें उस काल के योरोपियन कंकाल के डीएनए अनुसंधान ने स्पष्ट किया कि, वहाँ पधारे यामनया समूह में एक महिला की तुलना में आदमी की संख्या ५ से १४ थी। पुरातात्विक सबूतों से यही साबित होता है कि, इस आक्रमण में ज्यादा से ज्यादा आदमीयों की ही भरमार थी। मिसाल के तौर पर उत्तर-पश्चिम डेन्मार्क से दक्खन-पूरब झेंक रिब्लिकन पर्बत तक फैले हुये प्रदेश में हुई खुदाई में आदमीयों की मज़ार (कब्र) एक समान ही थी। किन्तु स्त्रियों की मज़ार में स्थानिक परम्परा के मुताबिक तबदीली थी। यह अनुसंधान इस कल्पना से हूबहू मेल खाता है कि, आदमी तथा उनके वंशज पुत्रों ने अपने पिता के स्टेप प्रदेश की परम्परा बरकरार रखी किन्तु महिलाऐं स्थानिक होने से उन्होंने उस प्रदेश की परम्परा बरकबरार रखी, जिससे उनकी मज़ार में स्थानिक परम्परा के मुताबिक परिवर्तन पाया जाता है।

''कूल मिलाकर इतनी तेजी से बदलाव होने से यह साबित होता है कि, यामनया लोग फ़ितरत से आक्रमक थे।''

क्रिस्तियनसेन के मुताबिक यामनया स्थानान्तरित लोग आक्रमक थे तो योरोपियन लोगों ने उनके आक्रमण का विरोध किया होगा। इसके सबूत जर्मनी के युलाऊ इस स्थान से कॉर्डेड वेअर कब्रिस्तान की खुदाई से प्राप्त होते हैं। इस स्थान पर से गैरमामूली कब्र प्राप्त हो गयी है और हर कब्र में दो से चार शव प्राप्त हुये है। तथा उनमें केवल महिला एवं छोटे बच्चों के ही शव हैं। उन महिलाओं के दातों के

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

आयसोटोप जाँच (परीक्षण) से यह नज़र आता है कि, वे महिला स्थानिक प्रदेश की नहीं थी बल्कि उनमें से १३ में से ५ शवों पर हिंसा/जख्मों के निशान थे। क्रिस्तियनसेन ने इसका अर्थ लगाया है कि, स्थानान्तरित यामनया लोगों ने महिलाओं पर बेरहमी से हमला करके उन्हें जान से मार डाला होगा। इस स्थान पर पुरुषों के शव प्राप्त नहीं हुये है जो कि यह साबित करता है कि, पुरुष बाहर मवेशीयों को चराने के लिए बाहर गये होगे तभी उन्होंने स्थानिक महिलाओं पर हमला किया होगा और उनमें कुछ महिलाऐं मारी गई होगी और भगाई गई महिलाओं को भी उन्होंने यामनया के कब्जे से छुड़ाया होगा।

क्रिस्तियनसेन मेयर उन शवों के अनुसंधान में शामिल थे और ओस्टिओ आर्किओलॉजिकल रिसर्च सेंटर, जर्मनी में बोलते हुये उन्होंने कहा कि, नवपाषाण युगीन योरोप में बड़ी मात्रा में नरसंहार (मास किलिंग) पूरे योरोप में अब तक सुना नहीं था। फिर भी उपरोक्त सबूत यहीं साबित करते है कि, ५००० सालों पहले योरोप में हिंसाचार बहुत बड़ी मात्रा में होती थी। उसी तरह अन्य सबूत भी यही साबित करते है। उन्होंने कहा कि, ''योरोप की खुदाई में प्राप्त कंकालों की खोपड़ी में बड़ी मात्रा में सुराख बनाये गये थे।'' इससे क्रिस्तियनसेन का कहना है कि, सिर में बड़ी मात्रा में जख्म होने से उसपर उपचार के दौरान वहाँ के चिकित्सकों ने उन जख़्मी लोगों के सिर पर सुराख बनाये होंगे।

कुल्हाडी का इस्तेमाल करनेवाले लडाकू

यामनया लोगों के भारी मात्रा में आने से उत्पन्न हुये हिंसा का प्रतिक यदि उलाऊ हैं तो वहाँ पर कूल आक्रमण तथा उससे उत्पन्न हुई हिंसा का प्रतिक नहीं हो सकती। क्रिस्तियनसेन को संदेह है कि, यामनया लोग यह प्रजोत्पादन में स्थानिकों से ज्यादा आगे होंगे लिहाजा उन्होंने स्थानिकों से मिलन करके जल्द ही कॉर्डेड वेअर लोगों की बड़ी मात्रा में उनकी संख्या में वृद्धी तथा बढ़ोतरी की होगी।

इसके पिछे दो वजह होनी चाहिये। कुछ पुरातत्वविदों का कहना है कि, यामनया लोग घुड़सवारी में माहिर थे। युरेशियन स्टेप यह उनकी मूल मातृभूमि

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

छोड़ने से पहले ही उनमें से कुछ लोगों ने कुल्हाडी के इस्तेमाल में महारत हांसिल कर ली थी। यह बात स्टेप प्रदेश के दृश्य में वर्णन किये मुताबिक प्राचीन बड़े बड़े-खड़े पत्थरों के बाजू में कुल्हाडी हाथ में लिए हुये सिपाही का चित्र दर्शाया गया है। वह भी लड़ाई में निपुण होने चाहिये। उनका प्राचीन डीएनए यही दर्शाता है कि, वे बहुत ऊँचे लोग होंगे और उनका रोज का खाना बेहद पोषक होगा। ''वे ज्यादा मात्रा में मटन एवं दुध पर जिते थे।'' ऐसा क्रिस्तियनसेन ने कहा है। ''वे लोग बहुत सेहतमंद, तंदुरुस्त तथा प्रकृति से हृष्ट-पुष्ट थे।'' ऐसा आगे क्रिस्तियनसेन ने कहा है।

लड़ाकू युवा यामनया लोगों ने योरोप के प्रदेश पर आक्रमण किया था इस बात से हेयड सहमत है किन्तु कुछ ही स्थानों की खुदाई से यह बात उजागर हुई है ऐसा उनका कहना है। ''इतने कम मिसालों के आधार पर यामनया लोग हिंसा के जरिये सब तरफ फैल गये और आगे चलकर उन्होंने कॉर्डेड वेअर लोगों को जनम दिया ऐसा नहीं कह सकते'' ऐसा हेयड इन्होंने कहा है।

फिर भी बहुत से पुरातत्वविदों ने डीएनए अनुसंधान के आधार पर उजागर हुये नये नये निष्कर्षों को मान्य किया है। नॉर्वे के ऑस्लो युनिवर्सिटी के मार्टिन फुरहोल्ट इन्होंने यह सवाल खड़ा किया कि, अनुवंशशास्त्रज्ञ (जेनेटिस्ट) योरोप के अतिप्राचीन इतिहास दक्खन-पूरब के यामनया, उत्तर-पश्चिम के कॉर्डेड वेअर लोग इस तरह बड़े गूटों में विभाजित करते हैं, किन्तु इन दोनों ही गूटों में एक ही प्राचीन मूल आनुवंशिकता प्राप्त होती है, ऐसा उनका कहना है।

''एक ही वंश के दो अलग अलग गूट एक समान ही आनुवंशिकता का वहन करती है उनमें भेद करके उन्होंने गलत निष्कर्ष निकाला है ऐसा इतिहास में कई मर्तबा हुआ है।'' यह आगे फुरहोल्ट ने कहा है, नस्ल यह पिता की ओर से प्राप्त आनुवंशिकता से ही बनती है, तो पहचान संस्कृति से तय होती है। ''आनुवंशिक शास्त्रज्ञ नस्ल की ओर देखते है, तो पुरातत्वविद् पहचान की ओर देखते है।'' ऐसा हेयड जवाब दिया।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

देखें : डेव्हिड रिच की बातचीतः न्यू सायंटिस्ट लाईव्ह से ''हमारा ऐतिहासिक सत्य और हम कहाँ से आये है।''

आनुवंशशास्त्रज्ञ तथा पुरातत्वविद् इनमें बहुत ज्यादा फर्क होता है यह समझने की अच्छी मिसाल हैं दक्खन स्पेन के व्हालेन्सीना डे ला कंसेप्सीयन में हुआ अनुसंधान है। उस स्थान पर अनुसंधान करनेवाले पुरातत्वविदों को कब्र में दफ़नाया हुआ एक इन्सान प्राप्त हुआ। उसके पास एक बड़ा चाकू था तथा यामनया समान उसकी सैंडल थी तथा उसके शरीर पर लाल रंग से रोगन किया हुआ था। किन्तु यह शव ४८७५ सालों पहले का है और जेनेटिक्स कहता है कि, ४५०० सालों पहले तक उस प्रदेश तक यामनया लोग पहुँचे ही नहीं थे। ''आनुवांशिक दृष्टि से सोचा जाये तो उस व्यक्ति का यामनया या कॉर्डेड वेअर संस्कृति से कुछ ताल्लुक नहीं है।'' ऐसा हेयड ने कहा। किन्तु सांस्कृतिक दृष्टि से सोचने पर उसका इस संस्कृति से ताल्लुक होने का खुलासा होता है। ऐसा आगे हेयड ने कहा है। इससे मतलब यह है कि, यामनया लोग यह नये प्रदेश में दाखिल होने से पहले ही उनकी रीति रिवाज तथा शवों को दफ़नाने की परम्परा उस प्रदेश में पहुँच गई थी।

प्राचीन इतिहास की घटनाऐं कितनी पेचीदा थी यह जेनेटिक्स से समझ में आता है ऐसा हेयड ने कहा। पिछले साल प्रकाशित हुये अनुसंधान में इस बात का खुलासा हुआ हैं। प्राचीन ब्रिटिश लोग जिन्होंने बड़े बड़े स्टोनहेंन्ज बनाये थे, वे इतिहास से गायब हो गये है। उनके में से कुछ ही अब तक बचे हैं। जिस अनुसंधान से नयी जानकारी उजागर करने के लिए रिच, सिलरस्लेव, हेयड तथा क्रिस्तियनसेन यह जेनेटिक शास्त्रज्ञ इकट्ठे हुये है। इस तरह के अनुसंधान में अनुवंश-शास्त्रज्ञ यह पुरातत्वविदों को पिछे छोड़ रहे है ऐसी ख़बर एक मशहूर समाचार में हाल ही में प्रकाशित हुई हैं। हेयड का तजुर्बा मात्र उस तरह का नहीं है। ''आज भी वो हमारा कहना मानते है।'' ऐसा हेयड ने कहा।

कॉर्डेड वेअर लोगों के कुछ काल पश्चात् योरोप में निर्माण हुये बेल बिकर लोगों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उपरोक्त दोनों शास्त्रज्ञ इकट्ठे हो

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

गये। कुछ मामलों में वे यामनया लोगों समान ही थे। वे उनके शवों को एक ही कब्र में दफ़नाते थे। उनके लड़ाकू लोगों की वे तारीफ़ करते थे और उनकी तसवीर बड़े बड़े पत्थरों पर तराशते थे। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि, बेल बिकर लोग (Bell Beaker People) यामनया लोगों के उत्तराधिकारी होंगे। फिर भी पुरातत्वविदों ने यह साबित किया कि, यह केवल अर्धसत्य ही है।

दोनों शास्त्रज्ञों ने संयुक्त अनुसंधान से यह निष्कर्ष निकाला है कि, मध्य योरोप में बेल बिकर संस्कृति का विस्तार करने का यामनया या कॉर्डेड वेअर संस्कृति का जरा भी आनुवंशिक ताल्लुक नहीं है। ऐसा हेयड का कहना है। ''बेल बिकर कल्चर यह पश्चिम आयबेरिया में शुरु हुआ था।'' ऐसा हेयड का कहना है। इसी प्रदेश के पुरातात्विक उत्खनन से प्राप्त ४७०० सालों पहले का तीर का नोक, तांबे का ख़ंजर एवं सुराहीदार बर्तन (Bell-shaped pot) प्राप्त हुये थे। उसके बाद बेल बिकर कल्चर पूरब की ओर फैलने लगा था। किन्तु उनमें से कुछ या ज्यादा लोग वहीं रह गये। ४६०० सालों पहले या आसपास के काल में वे लोग कॉर्डेड वेअर लोगों के पश्चिमी हिस्से तक पहुँच गये जिनके ईर्द-गिर्द अब हमें नेदरलँड यह प्रदेश नज़र आता है। आगे कॉर्डेड वेअर लोगों ने बेल बिकर लोगों की संस्कृति अपनाई। ''उन्होंने बेल बिकर लोगों की तमाम बातें अपना ली तथा वे स्वयं बेल बिकर बन गये।'' ऐसा क्रिस्तियनसेन ने कहा है।

आनुवांशिकता पूरी तरह मिटाई गई

अब यहाँ दो तरह के बेल बिकर कल्चर के लोग रहने लगे थे। एक का मूल आयबेरिया में था, तो दुसरे का ताल्लुक कॉर्डेड वेअर लोगों से था। (जो कि यामनया लोग ही थे) क्रिस्तियनसेन इन्हें लगता था कि, बाद में यामनया बिकर इन्होंने आयबेरियन बिकर से समंदर यात्रा का ज्ञान प्राप्त किया और ४४०० सालों पहले उन्होंने समंदर मार्ग से ब्रिटन की ओर प्रस्थान किया। (नक्शा देखें)। जेनेटिक्स कहता है कि, उसके बाद कुछ पुश्तों तक ब्रिटन के मूलनिवासी लोग गायब हो गये और यह बात बहुत ध्यान देने लायक है। इससे युरेशियन स्टेप लोगों के आक्रमक हिंसा का स्वरुप समझ में आता है- यह लोग युरेशियन स्टेप प्रदेश

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

से यामनया बनकर योरोप में गये एवं कॉर्डेड वेअर में (जनेऊधारी) तब्दील हो गये और तत्पश्चात् आगे वे बेल बिकर के रुप में तब्दील हो गये।

वाकई, उपरोक्त सबूत यही साबित करते है कि, यामनया बिकर्स बेहद ज़ालिम थे। ४५०० सालों पहले आसपास के काल में उन्होंने पश्चिम की ओर आयबेरिया में कूच किया, जहाँ बेल बिकर कल्चर कुछ सदियों पहले ही उदित हुये थे। कुछ सदियों में ही वहाँ के लोगों की आनुवांशिकता में यामनया बिकर्स की आनुवंशिकता की मात्रा में ४०% से बढ़ोत्तरी हो गई और यह निष्कर्ष डेव्हिड रिच इनके बड़े दल ने डीएनए अनुसंधान के जरिये उजागर की। खास बात यह है कि, उस अनुसंधान के डीएनए व्यवच्छेद में इस बात का खुलासा हुआ कि, वहाँ तमाम आदमियों में यामनया लोगों के Y गुणसूत्रों में लक्षण पाये गये। जो यह दर्शाते है कि, वहाँ के लोगों में केवल यामनया आदमियों को ही बच्चे हुये थे। (इसका अर्थ यह है कि, आनेवाले आक्रमणकारी यामनया लोगों ने वहाँ के मूल आदमियों को खत्म किया होगा और वहाँ की महिलाओं से संतान उत्पन्न किया होगा, लिहाज़ा तमाम संतानों में Y गुणसूत्र यामनया के Y गुणसूत्रों से मेल खाते हैं - संपादक)

''आनुवंशिकता की छान-बिन यही दर्शाता है कि, स्टोनहेन्ज, जिसे मूल ब्रिटिशों ने बनाया था यामनया के आगमन पश्चात् कुछ ही सदी में लुप्त हो गये।''

''उपरोक्त दो समूहों की मुठभेड़ दोस्ताना नहीं थी ना ही बराबरी की थी बल्कि स्थानिक पुरुषों को बाहरी पुरुषों ने पूरी तरह से उनके स्थान से हटा दिया।'' डेव्हिड रिच इन्होंने न्यू सायंटिस्ट लाईव्ह से बोलते हुये कहा।

यामनया तथा उनके उत्तराधिकारी बेहद ज़ालिम थे, क्रिस्तियनसेन के इस कहने को उपरोक्त सबूतों से पुष्टि मिलती है। वे लोग ही योरोप में नवपाषाण युग में बड़ी मात्रा में नरसंहार करने के लिए जिम्मेदार थे यह साबित करनेवाला एक आलेख ही लिखने का उनका विचार है। ''नवपाषाण युगीन स्थानिक आदमियों का वंश क्यों नहीं टिक पाया इसका इस तरह खुलासा होता है।'' आगे उन्होंने कहा।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

सबसे हैरतअंगेज बात यह है कि, यह कोई नई कल्पना नहीं है। २० वीं सदी के कुछ अहम पुरातत्वविदों ने यह राय दी कि, ५००० सालों पहले स्टेप लोगों का योरोप में आगमन हुआ था। उनमें से एक मारिया गिंबुतास इन्होंने राय दी है कि, वाकई! वे लोग बेहद ज़ालिम थे और उन्होंने ही योरोप में उस वक्त हिंसक माहौल बनाया था तथा सामाजिक संरचना में तब्दीली करवाई थी। उनके इस विचारों को उस वक्त बहुत खिलाफत का सामना करना पड़ा। ‘‘किन्तु वक्त इस क़दर बदल चुका है कि, अब वर्तमान में गिंबुतास ने १९६० में जाहिर किये विचारों से अनुवंशशास्त्रज्ञ सहमत हो रहे है।’’ ऐसा हेयड ने कहा।

और कहना हो तो यामनया लोगों ने उनकी दृष्टि केवल योरोप तक ही सीमित नहीं रखी। हाल ही में आनुवांशिक अनुसंधान ने यह स्पष्ट किया है कि वे लोग पूरब के भारतीय महाद्वीप में भी घुस गये थे। (‘Europe is not enough’ योरोप ही काफ़ी नहीं है यह आर्टिकल भी पढ़े)

भले ही इतिहास के बेरहम हत्यारे वे लोग ना हो फिर भी वे बहुत बड़े प्रदेश पर दूर तक पहुँच गये थे। इसलिए यामनया लोगों की जानकारी को दुनिया भर में सब तरफ पढ़ा जा रहा है। बड़ी मात्रा में जनसमूहों का स्थानान्तरण होता है यह सोच तो हमारे दिमाग में भी नहीं आई थी। किन्तु वर्तमान सामाजिक तथा राजनीतिक माहौल को देखकर हमें उस पर यकिन हो गया ऐसा हेयड ने कहा। तमाम जागतिक स्तर पर नये नये गुटों को निर्माण करनेवाली शक्ति से अब हम अच्छी तरह वाकिफ़ हो गये है।

योरोप ही काफ़ी नहीं है।

फिलहाल योरोप में रहनेवाले तकरीबन सारे लोगों के आनुवंशिक मूल यह युरेशियन स्टेप प्रदेश के लोगों की आनुवंशिकता से मेल करते है। अब हाल ही में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि, यामनया तथा उनके वंशज अलग अलग महाद्वीपों में गये और वहाँ के स्थानिक आदमियों का कत्त्ल करके उन्होंने स्थानिक लोगों का नामोनिशान मिटा दिया। अब हमें अनुसंधान से समझ में आ गया है कि, यामनया लोग पूरब की ओर भी गये थे।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डेव्हिड रिच तथा उनके सहचारी द्वारा २०१८ में 'bio Rxiv Preprint server' में लिखे गये अनुसंधान में यामनया लोगों ने कब व किस तरह दुनिया के अन्य स्थानों पर भी घुसपैठ की इसकी जानकारी मौजूद थी। ७००० से ३००० सालों पहले दक्खन एशिया में उस वक्त रहनेवाले तकरीबन सौ से ज्यादा उन्होंने ढूँढ के निकाले कि, ४००० से ३००० सालों पहले यामनया से जुड़ा डीएनए इस क्षेत्र में दिखना शुरु हुआ था।

यह स्टेप पशुपालन लोग मशहूर सिंधु संस्कृति के लोगों में मिल गये होंगे, ऐसा करते हुये उन्होंने 'प्राचीन उत्तर भारतीय' (Ancient North Indians (ANI)) इस समूह को जन्म दिया। यह समूह भारतीय महाद्वीप के दो में से एक समूह है। उसपर भी आनेवाले स्टेप लोगों ने सिंधु प्रदेश की स्थानिक सभ्यता में बड़े ही बदलाव किये। रिच ने आगे न्यू सायंटिस्ट लाईव्ह से बातचित करते हुये कहा कि, भारतीय महाद्वीप में उत्तर भारतीय आनुवांशिकता (ANI) वहन करनेवाले बहुत ज्यादा लोग है और वे एक ही भाषा बोलते है और वे अक्सर (लगातार नहीं) उँचे वर्ण में ही आते हैं।

योरोप की तरह भारत में आनेवाले युरेशियन स्टेप मुख्य रुप से युवा एवं बेरहम पुरुष थे। युके में हडर्सफिल्ड युनिवर्सिटी के मार्टिन रिचर्डस तथा उनके सहकर्मीयों ने अपने अनुसंधान में यह खोज की कि, युरेशियन स्टेप लोग सिंधु प्रदेश में मायटोकॉंड्रियल डीएनए के सिक्वेन्सेस में थोड़ा बहुत बदलाव हुआ है। इसके उल्टे इस प्रदेश में रहनेवाले पुरुषों में ६० से ९०% पुरुषों के Y गुणसूत्र यह यामना के Y गुणसूत्र से मिलते हैं। (यह गुणसूत्र केवल ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य इनमें बड़ी मात्रा में पाये जाते हैं। ...संपादक)

नये आनेवाले लोगों ने महिलाओं के बजाय आदमियों को पिछे छोड़ दिया था और यामनया समान स्थानिक पुरुषों को संतान भी कम होती थी। ऐसा रिचर्डस इन्होंने कहा, ''किन्तु यह क्रिया इतनी सरलता से नहीं हुई होगी।'' ऐसा उन्होंने आगे कहा।

****

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

अध्याय – ३

भारत में आर्यों का स्थानान्तरण नये अनुसंधान से पुष्टि!

–टोनी जोसेफ, दि. १३ सितम्बर, २०१९

''आर्य मध्य एशिया के स्टेप प्रदेश के घुमन्तु लोग थे जो भारत में तकरीबन इ.स.पूर्व २००० से १५०० के दरमियान दाखिल हुये थे जिन्होंने अपने साथ इंडो–योरोपियन भाषा लाई थी।''

– –

पिछली बार मार्च, २०१८ में 'दक्खन व मध्य एशिया की आनुवांशिक संरचना' नाम का एक अनुसंधान लेखापत्र ऑनलाईन प्रकाशित हुआ था, जिसने भारत तथा तमाम दुनिया में सनसनी फैला दी थी। जिसकी अहम वज़ह थी वह लेखापत्र, जिसे अलग अलग क्षेत्र के ९२ दिग्गज शास्त्रज्ञों ने लिखा था और उसमें उन्होंने कहा था कि, इ.स.पूर्व २००० से इ.स. पूर्व १००० इस दौर में मध्य एशिया के स्टेप प्रदेश से लोगों का बड़ी तादाद में स्थानान्तरण हुआ था और उन्होंने ही भारत में इंडो–योरोपियन भाषा लाई थी। उसी तरह स्टेप प्रदेश के लोगों ने इ.स.पूर्व ३००० में योरोप में स्थानान्तरण किया तब वहाँ पर भी वे इंडो–योरोपियन भाषा साथ लेकर गये थे। दूसरे लफ़्ज़ों में कहा जाये तो आर्यों का स्थानान्तरण भारत में हुआ था। इस कल्पना को उपर्युक्त अनुसंधान ने वैज्ञानिक पुष्टि दी है। या साफ शब्दों में कहा जाये तो इंडो–योरोपियन भाषा बोलनेवाले लोग जो स्वयं को आर्य कहलवाते है उनका भारत में बाहर से स्थानान्तरण हुआ हैं।

उस खोज में बहुत सी पहलू ऐसे हैं कि, जो कई लोगों को पसंद नहीं आए और जिससे उस लेखापत्र के खिलाफ अहम विरोध दर्शक रचना यह थी कि वह लेखापत्र विशेषज्ञ से समीक्षित नहीं किया गया और छपाई होने से पहले ही उसे ऑनलाईन प्रकाशित किया। दरअसल वह तो सायंटिफिक रिपोर्ट है और दुनिया के मशहूर अलग अलग ९२ वैज्ञानिकों ने मिलकर तैयार किया है और उनमें

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

बहुत से भारतीय भी है। किन्तु यह बात उनके लिए (विरोधक के लिए) कोई मायने नहीं रखती। उस लेखापत्र में अग्रक्रम में वाघीश नरसिंहन यह हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के है, जबकि कुमार सामी थंगराज यह सेंटर फॉर सेलुलर अॅण्ड मोलीक्युलर बॉयोलॉजी के को-डायरेक्टर है तथा साथ में डेव्हिड रिच यह हॉर्वर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिक है, साथ में बिरल साहनी इन्स्टिट्यूट फॉर पॅलीओ सायन्स के नीरज राय तथा डेक्कन कॉलेज के डायरेक्टर वसंत शिंदे भारतीय वैज्ञानिक भी उपरोक्त अनुसंधान में शामिल हैं।

और भी अतिरिक्त सबूत

However this approach cannot be applied in the present setting as the models we are testing are not nested within one another and the number of parameters of all of the models are the same. To enable us to determine the level of support one particular model has when compared to another we use Akaike Information Criterion (AIC) as a measure of model fit. Since the number of parameters between two models remains the same, the actual computed score remains the same whether we use AIC or a Bayesian Information Criterion (BIC).

We used a set of guidelines outlined in (Burnham and Anderson, 2004) for performing model selection using AIC. Specifically we computed di = AICi - AICmin where AICi is the AIC of the i-th model, and AICmin is the lowest AIC obtained among all the models we tested across all topologies (SO, SF and TC). The models can then be compared using the

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

following guidelines from (Burnham and Anderson, 2004):

1. di ≤ 2, the i-th model is nearly as plausible as the best fitting model;

2. 2 ≤ di % 4, the i-th model is consistent with the data but considerably less probable than the best fitting model;

3. 4 < di ≤ 7, the i-th model is much less likely than the best fitting model;

4. 7 < di , the i-th model has essentially no support.

Based on this published set of criteria we chose to accept all models for which the difference in AIC was < 4.

Among the samples we analyzed was a Mesolithic individual from Central Iran, Belt_Cave_M, which after restricting to damaged sequences (to address the evidence of contamination in this individual) reflects data from just 30,722 autosomal SNPs, and thus comodeling with this individual restricts the number of SNPs available for admixture graph fitting. To address this, we repeated the admixture graph fitting removing this particular individual which improved our SNP coverage by more than 10-fold, allowing us toremove models that were plausible simply because of a lack of data and ensuring that the fit of a particular admixture graph was not due to our inability to reject it at lower coverage. As a further criterion for model selection, we restricted to the intersection between the fitting models analyzed with and without the Belt Cave individual.

Results from the model selection of tested admixture graphs

In Table S3A, we observe that all working models exclude the ‘‘Two Clades’’ topology, regardless of how populations are assigned to ‘‘slots.’’We also observe that all fitting populations have Indus_Periphery_West or Hajji_Firuz as an outgroup with respect to all other groups at the AIC < 4 threshold, with only models with Indus_Periphery_West if we use AIC < 2.

Robustness of the model selection procedure

We explored if modifying the topology relating the South Asian hunter-gatherer-related components (Table S3B) and that relating the Anatolian farmer-related components (Table S3C) changes our inferences and found that they did not except in one notable way.

Previously our model selection criterion had not been successful at distinguishing the earliest diverging of the Iranian-related populations.

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

i.e., either Indus_Periphery_West or Hajji_Firuz_C, but under a different topology of the Anatolian farmer-related component in Hajji_Firuz_C we see that models with Indus_Periphery_West as the earliest diverging split are strongly supported over the other working models.

We also exploring allowing all the five populations to be admixed with all source populations thereby allowing a much freer model.

We find that our results showing that the Indus_Periphery_West being the first to split are robust to this perturbation (Table S3D).

Taken together, this analysis shows a clear branching structure that involves the Indus_Periphery_West ancestry as the first to split, followed by the others which are not distinguishable. There are two marginally fitting models in which Hajji_Firuz is the first to split (Table S3A), but even if these models are correct they do not change the inference that the Iranian-related ancestry in Indus_Periphery_West split from the lineages leading to those in Belt Cave, Tepe Hissar, and Ganj Dareh before they separated from each other, which is the only inference we need for our main conclusions.

Alternative approaches to determining phylogeny

The major confounder when inferring trees and examining their topology as determined by shared drift amongst different populations is admixture. In analyses described above, we dealt with this by modeling known admixtures into populations, which showed that the changing of the topology of the admixing sources does not affect the inference we obtain about the internal phylogeny of the Iranian related component of the ancestry of the test populations. As an alternative approach to exploring these issues, we obtained unbiased estimates of the allele frequencies for the Iranian-related component in each of the samples by subtracting the expectation from the admixing sources, and then performed symmetry tests to reconstruct the phylogenetic relationships.

Prior to implementing this procedure on real data, we began by confirming that if the relevant admixing source populations or populations related to those source populations were available and the proportion of their admixture known, then it was possible to recover the internal phylogeny of the populations even though there is significant admixture present in the data.

To verify this we simulated the phylogeny described in Figure S4

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

using the msprime coalescent simulator (Kelleher et al., 2016). We used standard mutation and recombination rates and sampled 1 million positions in 10 individuals from each population. We converted these to haploid genotypes by random sampling.We were interested in whether we could recover the internal phylogeny of the pp5 node. The choice of this particular topology and set of admixing populations mirrors the structure of the admixture graph that we think may be a reasonable match to our real data.

In the first step of the process, we computed the allele frequencies per SNP for the populations for which we were interested in obtaining a phylogeny, namely 3, 4, 5 and 6. We then subtracted the relevant allele frequencies of the admixing populations which were known in this setting. For example, we subtracted the allele frequency of population 8 from population 6, weighted by the admixture proportion 50%. Wethen computed all statistics of the form f4(0,A,B,Test), where A, B and Test could be any of the populations 3, 4, 5 and 6.

In Table S3E, we show that for samples without admixture correction there are no simple trees that are compatible with the data (at the jZj>3 level). However, after subtacting the allele frequencies in the appropriate manner, we obtain passing symmetry statistics for exactly the pairs of populations we expected based on the simulated topology (Table S3F). This suggests that if we account for the correct admixing population as well as the proportion of admixture, it is possible to recover the phylogeny of a set of populations even though they might be admixed even to levels of 50% as was the case in simulations. In the next section, we apply this procedure to the admixture graph that we constructed using the real data.

Applying this approach to real data, we estimated admixture-corrected allele frequencies fo the Iranian-related ancestry in four populations carrying it: Ganj_Dareh_N, Hajji_Firuz_C, Tepe_Hissar_C and Indus_Periphery_West (we dropped Belt_Cave_M as it was too low in coverage to produce meaningful results). As part of our inference we needed to infer proportions of non-Iranian-related ancestry in these populations, and to do this we utilized the qpAdm framework developed in (Narasimhan et al., 2019), to estimate the proportions of AHG- and Anatolia_N-related ancestry in each. This produced admixture point estimates that were in line with our admixture graph fits as well as a cova-

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

riance matrix measuring uncertainty.

To account for uncertainty, we carried out this procedure sampled 1000 times from the point estimates and covariance matrix of admixture proportions and produced 1000 samples. For each of these samples we subtracted the allele frequencies in AHG and Anatolia_N (weighting by the admixture proportion), related ancestries and computed all possible triplets of f4-statistics as we had done for the simulated data. We computed f4-statistics using a jZj>3 threshold to determine whether there continued to remain significant evidence of admixture relating the populations. Unlike with the simulated data where we knew a priori the exact mixing proportions and admixing sources, uncertainty about the true admixture proportion in this context reduced power. We observed 465 cases where the inferred tree was (IP,(GD,(HF,TH))), 29 cases where the inferred tree was (IP,(HF,(GD,TH))), and 506 cases where no tree fit. Thus, using this procedure we only observe two viable tree topologies, both of which involve Indus_Periphery_West as the population splitting first, mirroring the topology produced using the admixture graph methodology.

DATA AND CODE AVAILABILITY

All newly reported sequencing data are available from the European Nucleotide Archive under accession number ENA: PRJEB34154.

ADDITIONAL RESOURCES

The Supplemental Data includes an Excel spreadsheet listing results on all 252 libraries generated for this study, an Excel spreadsheet listing all 61 samples for which attempts were made to extract ancient DNA, and an Excel spreadsheet reporting other statistics described in the paper.

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

Supplemental Figures



Figure S1. Ceramics in the Grave of Individual I6113 / RGR7.3, BR-01, HS-02, Related to Figure 1 and STAR Methods

All objects are from the Harappan level and were recovered from north of the head of the buried individual unless otherwise noted (see Figure 1B). In the notations that follow we specifically indicate aspects of the ceramics that are characteristically Harappan. (A) Lower portion and base of red wheel-made vessel of Harappan style. (B) Complete medium-size red globular pot of Harappan style. (C) Central column of a ceramic stand broken at both ends and burned. See vessel (H) for the base of such a stand. Dishes-, plates-, and bowls-on-stands are characteristic Harappan ceramic vessels often found intact in graves. (D) A red-slipped ware medium-size globular pot. There are lines as well as indentations on the upper right side just below the neck of the vessel. These could be examples of ancient graffiti or possibly even of the "Indus script". (E) Broken specimen of a medium-size red globular pot. There are a series of linear marks both near the base and on the inside that suggest that such a pot was wheel-thrown, which was common for Harappan vessels. (F) Broken specimen of a red ceramic beaker. (G) Nearly complete specimen of a large red vessel. The distinct rim suggests that it was made separately and then attached to the upper body of the vessel. The light brown clay that now only partially covers the vessel may have been intentionally applied before the vessel was put into the grave. (H) Broken stand of a dish- or plate- or bowl-on-stand. The red color can be seen peeking through the light brown clay. The photograph of the grave (Figure 1B) reveals that almost all ceramic vessels are covered with such clay. This is a phenomenon that is known from the site of Harappa itself where even elaborately decorated vessels were covered with clay before being lowered into the tomb (Dales, 1991). (I) Complete beaker placed near the head of the skeleton. (J) Complete goblet of an unusual dark red-brown color. (K) Broken red vessel with black-painted horizontal lines. (L) Complete beaker placed near the right leg of the skeleton.

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}



Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}



Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

२) दि. ३१ मार्च, २०१८ के ९२ अनुसंधानकर्त्ता का डीएनए रिपोर्ट दक्षिण व मध्य एशिया की आनुवांशिक संरचना

लेखन–वाघीश एम नरसिंहन तथा अन्य (नाम की तालिका)–

संलग्न संशोधन संस्था :

मुख्य लेख–

प्राचीन डीएनए डाटा एवं उसके ॲनलिसिस का तरीका –

प्राचीन व्यक्ति जिनका पहले रिपोर्ट नहीं बना हो ३६२ ऐसे इन्सानों का प्राचीन डीएनए का होल जिनोम डाटा (पूरा आनुवांशिक डाटा) प्राप्त किया और जिनका रिपोर्ट नहीं बना उन १७ इन्सानों का उम्दा दर्जे का डाटा प्राप्त किया। यह तमाम डाटा हमें तीन अहम स्थानों से प्राप्त हुआ – १३२ लोगों का डाटा हमें ईरान एवं मध्य एशिया का मध्य हिस्सा (वर्तमान का तुर्कमेनिस्तान, उझबेकीस्तान एवं ताजिकीस्तान जिन्हें हम तुरान कहते है) वहाँ से प्राप्त हुआ, १६५ इन्सानों का डाटा यह पश्चिम मध्य स्टेप (युरेशियन) एवं वर्तमान कझाकस्तान व रशिया (फॉरेस्ट झोन/स्टेप) से प्राप्त हुआ। और ६५ इन्सानों का डीएनए डाटा यह उत्तर पाकिस्तान (दक्षिण एशिया) से प्राप्त हुआ। हमारे डाटा सेट में पहले ही प्रकाशित हुआ प्राचीन डीएनए डाटा निम्नांकित है –

(१) अश्मयुगीन तथा कांस्ययुग कालीन पूर्व ईरान एवं तुरान (५६०० से १२०० इ.स.पूर्व के नमूने १२ स्थानों से)।

(२) प्राथमिक मिट्टी के बर्तन इस्तेमाल करनेवाले सायबेरिया फॉरेस्ट झोन का शिकारी समूह (६२०० से ४००० इ.स.पूर्व के नमूने दो स्थानों से),

(३) अश्मयुगीन तथा कांस्ययुगीन उरला पर्बत के पूरब की ओर स्टेप इलाके से घुमन्तु चरवाहे (पशुपालक)जिनमें कांस्ययुगीन कझाकिस्तान का पहला प्राचीन डीएनए डाटा है। (४७०० से १००० इ.स.पूर्व के २० स्थानों से नमूने), और

(४) दक्षिण एशिया के लोग युग के पहले ही से प्राप्त प्राचीन डीएनए और पाकिस्तान के स्वात घाटी की ऐतिहासिक बस्ती से डाटा (१२०० इ.स.पूर्व से इ.स. का प्रथम वर्ष यहाँ के सात स्थानों से नमुने) (आकृति १, अतिरिक्त सामग्री, डाटा एस–१)

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

यह डाटा प्राप्त करने के लिए हमने एक नियत कमरों में सॅम्पल तैयार किया। उनसे डीएनए अलग किया (१,२) उसके बाद इल्युमिना सिक्वेन्सिंग के लिए (३,४) लायब्ररीज तैयार की और पहले ही स्पष्ट किये प्रक्रिया के मुताबिक उनका स्क्रिन किया। (५-६) डीएनए ओहर लॅपिंग के लिए हम तकरीबन १.२४ लाख सिंग न्युक्लियोटाइट, फॉलिमॉर्फिझ्मस (SNPS) को एनरिच किया। उसके बाद इल्युमिना इन्टुमेंट्स पर प्रोडक्ट का सिक्वेन्सिंग किया एवं उसकी गुणवत्ता की जाँच की। (डाटा एस १) (५,६,८).

१८६ नमूनों के मानवी अस्थि पर डायरेक्ट रेडिओ कार्बन के मुताबिक काल निश्चित किया गया। (डाटा एस २) पुरातात्विक एवं श्रृंखलाबद्ध जानकारी के सहारे उपरोक्त मानवों के गुट बनाने के बाद और उनकी पहले से प्राप्त डाटा रिपोर्ट के साथ जाँच-पड़ताल की। हमारे डाटा सेट में ६१२ प्राचीन व्यक्ति थे जिनकी तुलना वर्तमान व्यक्ति के जिनोमवाईज डाटा के मुताबिक तकरीबन छह लाख SNPS के साथ की। उनमें से १७८९ यह दक्खन एशिया के २४६ मानववंश समूहों में से थे। (डाटा एस ३, अतिरिक्त साहित्य) (९ से ११)। प्राचीन सॅम्पल पर ॲनॅलिसिस की प्रक्रिया हमने कम से १५ हजार SNPS तक कव्हर की। जेनेटिक ग्रुपिंग के लिए हमने इटालिक फॉन्ट का इस्तेमाल किया और पुरातात्विक स्थानों या सॅम्पल के लिए नॉर्मल फॉन्ट का इस्तेमाल किया।

वर्तमान युरेशियन्स में मौजूद आनुवांशिक बदलाव के पॅटर्न के मुताबिक हमने प्राचीन व्यक्ति को प्रोजेक्ट किया और उसके मुताबिक प्रिन्सिपल कम्पोनंट ॲनॅलिसिस (पीएलए) किया। (आकृती १) (१२-१३)। जिसमें तीन बड़े समूह प्राप्त हुये जो फॉरेस्ट झोन/स्टेप, ईरान/तुरान एवं दक्खन एशिया इन भौगोलिक प्रदेशों से मेल करते है। उनका पॅटर्न हमने ॲडमिक्सचर पल्टरिंग (१४) में रिफिलीकेट किया। एक ही इलाके के लोगों में आनुवांशिक भिन्नता है क्या यह जाँचने के लिए हमने सिमेट्री-एफ ४. स्टॅटेस्टिक मिझरिंग किया। जिससे हरेक तीसरे व्यक्ति में एक जोड़ी की आनुवांशिक भिन्नता कितने जिन्समें मौजूद है यह समझ में आता है और आणि ॲडमिक्स्चर-एफ ३- स्टॅटेस्टिक के मुताबिक संमिश्रण को जाँचा जाता है। (अतिरिक्त साहित्य) मिक्सचर मॉडल की काबिलियत हमने 9pAdm के मुताबिक जाँच ली जिसके अनुसार यह स्पष्ट होता है कि, जाँच

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

पड़ताल किये हुये लोगों के सेट की एफ ४- स्टॅटेस्टिक यह बाहरी व्यक्ति के साथ मेल नहीं करती यह स्पष्ट होता है और यदि जुड़ती भी हो तो आनुवांशिकता की मात्रा कितनी है यह समझ में आता है (५)। तकरीबन बहुत भिन्न एवं दूर की आनुवांशिक उगम का संमिश्रण हम उसे मॉडेल के तौर पर इस्तेमाल कर सकते है। (आमतौर पर जिन समूहों का डाटा उपलब्ध है उनसे ही इनके ताल्लुकात है। किन्तु कुछ मामलों में यह मुद्दा ज्यादा नजदीकी का है।)

* '**अनातोलियन कृषि से जुड़ी**' : पश्चिमी अनातोलियन किसानों से इ.स.पूर्व ७ वी सहस्त्राब्दी के दौरान से जुड़ी।

* '**पश्चिम योरोपियन शिकारी समूह से जुड़ी (WHG)**' : अश्मयुगीन पश्चिमी योरोपियन लोगों को दर्शाता है। (५, १०, १५, १६)

* '**ईरानी खेतिहरों से जुड़ी**' : ईरान के झाग्रोस पर्बत की इ.स.पूर्व ८ हजार के काल के घुमन्तु समूहों को दर्शाती है।

* '**पूर्व युरोपियन शिकारी समुहाशी संबंधित**' : पूर्व योरोप के भिन्न स्थानों से शिकारी समूहों को दर्शाती है। (५,६).

* '**पश्चिम सायबेरियन-शिकारी समूह से जुड़ी (West ± Siberian HG)**'' : युरेशियन वंशावली की बहुत नजदीकी एवं नये सिरे से प्रकाशित हुए ३ सॅम्पल इसके जरिये दर्शाया है।

* '**पूर्व आशिया जुड़ी**' : यह समूह इस अनुसंधान में हान चायनीज के तौर पर दिखाया हुआ है।

* '**प्राचीन आनुवांशिक दक्खन भारतीयों से जुड़ी (AASI)**' : मानी हुई दक्खन एशिया की शिकारी वंशावली से जुड़ी जमाति जो फिलहाल अंदमान द्वीप की मूलनिवासी है। (१९).

हरेक ग्रुप के लिए प्रॉक्झिमल मॉडेल की पहचान होने के लिए अल्पकालिक स्वरुप की संमिश्र प्रक्रिया के तौर पर हमने 9pAdm तरीके का इस्तेमाल किया। इस डाटा के लिए समान मात्रा में अच्छा तरीके का कई अलग अलग मॉडेल्स को जानने के लिए यह प्रक्रिया कारगर है। इस ॲनालिसिस की प्रक्रिया जरूर कारगर थी क्योंकि उसके जरिये हम यह पॅटर्न ढूँढ सकते थे जो तमाम मॉडेल्स में गुणवत्ता की दृष्टि से समान प्रमाण में थे। उसके बाद जो विमर्श किया गया है उसमें इन

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

अलग अलग ॲनालिसिस प्रक्रिया पर विमर्श किया गया है, तो सप्लीमेंट मटेरियल्स में बहुत ब्यौरेवार जानकारी दी गई है। हमारे ॲनालिसिस में जो कुछ अहम जानकारी आगे आई है वह टेबल १ में संकलित करके रखी है।

ईरान/तुरान :

पहले प्रकाशित हुये डाटा के साथ हमने हमारे अनुसंधान से उजागर किया नया डाटा जाँचकर देख लिया और उसके द्वारा इ.स.पूर्व ७००० के दरमियान ईरान से पूरब की ओर खेती का विस्तार होते हुये आनुवांशिक प्रसारण (२०, २१) हमारे ॲनालिसिस में ये साफ हुआ कि, ईरान के झाग्रोस पर्बत के किसानों में अलग ही तरी के के पश्चिम युरेशियन आनुवांशिकता मौजूद है। (१७, १८) (फिगर १) फिर भी उस दौरान विस्तृत भौगोलिक प्रदेश में बाद के काल के समूहों में इस किस्म की आनुवांशिकता में एवं प्राचीन अनातोलियन खेतिहर की आनुवांशिकता में संमिश्रण हुआ था। इस पेपर में 'खेतिहर' यह शब्द हमने खेती करनेवाले एवं पशुपालन करनेवाले इन दोनों समूहों के लिए इस्तेमाल किया है। और यह शब्द हमने झाग्रांस पर्बत के लोगों के लिए इस्तेमाल किया है। क्योंकि वे लोग खेती के साथ साथ बकरी को भी पालते थे (१७, २२, २३)। इस अनुसंधान में हमने सिद्ध किया है कि, पश्चिम से पूरब की ओर जाते हुये अनातोलियन खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिक संमिश्रण कम होती गई। शुरुवात के अश्मयुगीन अनातोलिया के अनातोलियन खेतिहर से जुड़े वांशिक संमिश्रण ७०% तक प्राप्त हुआ है। आगे पूर्व ईरान में वे ३३% के आसपास था तो पूर्व तुरान में वह करीबन ३% तक था। (फिगर १ अतिरिक्त साहित्य)। इस तरह के आनुवांशिक श्रृंखला का दौर गेहु एवं बाजरा (जुवार) इनके पश्चिम से पूरब की ओर प्रसार के काल से मेल करता है। (इ.स.पूर्व ७००० से ६००० में), यही स्पष्ट करता है कि, अनातोलियन वंश के लोगों से खेती के अर्थकारण का प्रसार केवल पश्चिम दिशा से योरोप की ओर नहीं हुआ बल्कि पूरब से ईरान की दिशा में भी हुआ। (२१, २४,२५) पहले नातुफियन शिकारी समूह की तुलना से लेव्हाल्ट के मूर्त काम करनेवाले खेतिहरों में अनातोलियन कृषि से जुड़ी आनुवांशिकता ज्यादा प्राप्त होने से हमारे इस सिद्धान्त को ज्यादा

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

बल मिलता है। फिर भी मेसोपोटेमिया के प्राचीन किसान इनमें अनातोलियन/ ईरानियन खेती से जुड़ी आनुवांशिकता का विस्तारीकरण किस तरह हुआ इसका डाटा समझे बगैर उन प्रदेशों में आनुवांशिक श्रृंखला किस तरह तैयार हुई यह समझ में नहीं आयेगा। इस आनुवांशिक श्रृंखला के अति पूरब के प्रदेशों में भी (पूर्व ईरान एवं तुरान) हमें West ± Siberian HG से जुड़ी आनुवांशिक संमिश्रण हमें प्राप्त हुये है। जो यह साबित करता है कि, उत्तर युरेशियन आनुवांशिक संमिश्रण से यामनया सम्बन्धित स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट (घुमन्तु युरेशियन) (Steppe EMBA) यह आनुवांशिकता प्रसारित होने से पहले तुरान में उत्तर युरेशियन आनुवांशिक संमिश्रण से बहुत ज्यादा असर डाला था।

कांस्ययुगीन तुरान में बॅक्ट्रिया मार्ग को आर्किऑलॉजी कॉम्प्लेक्स (BMAC) एवं उनके ईर्द-गिर्द के उत्तराधिकारी इनसे जुड़े चार शहरी स्थानों से इ.स.पूर्व २३०० से १४०० के दौरान ६९ प्राचीन व्यक्ति के नमूने हमने प्राप्त किये। उनमें से बहुत से व्यक्ति की आनुवांशिक गुण समान तो हैं ही किन्तु वे एकदूजे के बहुत नजदीक हैं। और तुरान में उनके पहले रहनेवाले समूहों में से बड़ी मात्रा में प्राप्त होनवाले प्राचीन ईरानी कृषक से जुड़ी आनुवांशिकता (BMAC में तकरीबन ६०%) और अनातोलियन कृषक से जुड़ी आनुवंशिकता तकरीबन २१% एवं West Sibrain HG से जुड़ी आनुवांशिकता तकरीबन १३% की तुलना से उनकी आनुवांशिकता नजदीक ही है। जो यह दर्शाता है कि, BMAC से जुड़ी सामुहिक आनुवांशिकता यह तुरान के शहरीकरण से पहले के समूहों से निर्माण हुई है। (जो ईरान में पहले से पूरब की ओर फैलते हुये समूहों से निर्माण होने की सम्भावना लगती है।) Steppe EMBA से जुड़ी आनुवांशिकता की BMAC समूहों की गैर हाजिरी जो वर्तमान में दक्खन एशिया में सब तरफ फैली हुई है। उसके साथ ही दक्खन आशिया की आनुवांशिकता में BMAC यह मूल नहीं ऐसा 9pAbm ॲनालिसिस से सिद्ध होने से (आकृती ३A)- यह स्पष्ट होता है कि, बाद के काल में दक्खन एशिया में जो भौगोलिक बदलाव का असर BMAC इस आनुवांशिकता पर हुआ था। उसका असर बाद में दक्खन एशिया के समूहों पर हुआ था। (मध्य से बाद के कांस्ययुगीन स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट इनके (युरंशियनों के) दक्खन के स्थानान्तरण की जानकारी आगे दी गई है।) किन्तु यह असर इस ग्रुप

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

के लोगों ने बायपास किया था। क्योंकि वे बहुत अल्प मात्रा में BMAC समूह से मिल गये थे। और इसके उल्टे वे उसके निचे दक्खन की ओर लोगों के साथ बड़ी मात्रा में मिल गये थे। असल में हमारा डाटा कहता है कि, दक्खन एशिया के समूहों पर BMAC के समूह ने मानववंश शास्त्र की दृष्टि से ज्यादा असर नहीं डाला। तो उसके विपरीत वहाँ पर बड़ी मात्रा में उलटी दिशा से आनुवांशिक प्रवाह (जिन फ्लो) हुआ था। क्योंकि उसके पहले तुरान के समूहों की तुलना ने BMAC आनुवांशिक समूह थोड़ासा अलग है। जिसमें AASI से आनुवांशिकता तकरीबन ५% इतनी नज़र आई है।

हमने बाहरी इन्सानों के भी कई स्थानों से जाँच परीक्षण किया है। जिसमें उनका आपसी ताल्लुक है यह स्पष्ट हुआ है। किन्तु सॅम्पल की बड़ी मात्रा में जाँच किये बगैर उसके बारे में हम ज्यादा अनुमान निकाल नहीं सकते।

पहले इ.स.पूर्व २३०० के आसपास तुरान में गोणुर के BMAC साईटपर हमें दो बाहरी नमूने प्राप्त हुये, जिसमें पहले एवं बाद के सहस्राब्दी के कझाकस्तान के कई स्थानों में West Siberian HG से जुड़ी जो आनुवांशिकता प्राप्त हुई वहीं उपरोक्त दो नमुनों में भी प्राप्त हुई है। इसके बारे में बहुत उचित खुलासा कर सकते है कि, उपरोक्त आनुवांशिकता यह केल्टेमिनार संस्कृति के मूलनिवासी समूहों के बारे में है। केल्टेमिनार संस्कृति के मूलनिवासी समूह यह उस प्रदेश के शिकारी समूह थे, जिन्होंने BMAC के पहले मध्य आशिया का बड़े इलाके पर कब्जा किया था। (२६)। आगे कहना हो तो केल्टेमिनार से जुड़ा प्राचीन डीएनए उपलब्ध होने के बाद ही तय कर सते है कि, केल्टेमिनार लोगों की आनुवांशिकता West Siberian HG से जुड़ती है या नहीं। मतलब इ.स.पूर्व ३००० में यामनया से जुड़े जिसमें स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट की आनुवांशिकता मौजूद हो ऐसा एक भी इन्सान तुरान प्रदेश में प्राप्त नहीं हुआ। इसका अर्थ यह कि, Steppe EMBA यह आनुवांशिकता तुरान के प्रदेश में उस वक्त तक फैली नहीं थी।

दूसरी बात याने इ.स. पूर्व २१०० से १७०० के दौरान हमें उपरोक्त तीनों स्थानों के BMAC आऊटलियर्स में Steppe EMBA यह आनुवांशिकता खास करके संमिश्र स्वरुप में प्राप्त हुई और ओर मध्य काल के बाद में वे उसके बाद कांस्ययुगीन स्टेप समूहों के (Steppe MLBA) लोग लेकर गये थे। इससे यह

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

साबित होता है कि, स्टेप समूहों की आनुवांशिकता की हलचल दक्खन दिशा से इस प्रदेश में हुई थी। और उसका असर इ.स.पूर्व दूसरे सहस्राब्दी में बड़ी मात्रा में दिखाई दिया।

तीसरी बात याने इ.स.पूर्व ३१०० से २२०० हमें BMAC के गोणूर स्थान पर उसी तरह पूर्व ईरान के शहर-ए-सोख्ता इस स्थान पर दो आऊटलिअर प्राप्त हुये और इस तमाम आऊटलिअर का आनुवांशिक प्रोफाईल यह उत्तर पाकिस्तान से प्राप्त ४१ प्राचीन व्यक्ति समान ही था। जो लोग उत्तर के सिंधु संस्कृति में स्वात इस स्वतन्त्र जगह पर तकरीबन एक हजार सालों बाद रहने के लिए गये थे। (इ.स. पूर्व १२०० ते ८००)। इन इन्सानों की आनुवंशिकता में AASI से जुड़ी आनुवांशिकता की मात्रा १४ से ४२% इतनी थी। और शेष प्रमाण प्राचीन ईरानी खेतिहर एवं West Siberian HG इनके आनुवांशिकता से जुड़ी थी। ईरान/तुरान के समकालीन एवं प्राचीन सॅम्पल समान ही इस सॅम्पल में भी हमें स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट (युरेशियन) से जुड़ी आनुवांशिकता मौजूद होने के सबूत प्राप्त नहीं हुये। ईरान/तुरान के अन्य तमाम सॅम्पल की तुलना में इन इन्सानों में भी अनातोलियन खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिकता की मात्रा हमें बहुत अल्प मात्रा में प्राप्त हुई, जो यह दर्शाती है कि, अनातोलियन खेतिहर आनुवांशिकता की मात्रा कम होती गई अति पूरब के भागों से यह लोग इस प्रदेश में स्थानान्तरित हुये होंगे। सिंधु संस्कृति के डायरेक्ट सॅम्पल किया हुआ डीएनए फिलहाल हमारे पास नहीं है। किन्तु (a) उसकी उत्तर की ओर BMAC एवं पूरब की ओर शहर-ए-सोख्ता (२७) इन प्रदेशों से किये हुये लेन-देन से जुड़े जो पुरातत्विक सबूत प्राप्त हुये है उस आधार पर। (b) सिंधु संस्कृति के उत्तर कालीन स्वात घाटी के इन्सानों की समानता अगले सेक्शन में स्पष्ट की गई है। (२७), उसी तरह (c) इन सॅम्पल में निर्णायक मात्रा में (AASI) संमिश्र आनुवांशिकता की मात्रा प्राप्त हुई है, जिससे यह लोग दक्खन आशिया से स्थानान्तरित होने का खुलासा है। और (d) हक़ीकत यह है कि, 9pAdm मॉडेल के फिलहाल भारतीय ग्रुप की प्राचीन वांशिक समूहों के साथ उपरोक्त इन्सानों में आनुवांशिकता हूबहू मेल करती है। इससे हम इस नतीजे पर पहुँचे है कि, यह आऊटलियर लोग सिंधु संस्कृति के प्रदेश से हाल के वर्षों में ही स्थानान्तरित हुये

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

थे। सिंधु संस्कृति के प्रदेश में दफनाए हुए किसी इन्सान का प्राचीन डीएनए जब तक बरामद नहीं होता तब तक इन आऊटलियर इन्सानों का ग्रुप हमने इंडस पेरीफेरी (सीमा की ओर का हिस्सा) ग्रुप ऐसा कहा है। वह ग्रुप वाक़ई में सिंधु प्रदेश का ही भाग था ऐसा हम नहीं कह सकते क्योंकि सिंधु प्रदेश उत्तर की ओर दोमुँहा तक सीमित था। और इससे सिंधु पदेश के तमाम लोगों की नुमाइंदगी यह तीन आऊटलियर लोग कर रहे हैं, ऐसा हम नहीं कह सकते। असल में सिंधु संस्कृति के लोगों में आनुवांशिक विविधता थी। क्योंकि इंडस पेरीफेरी के व्यक्तियों में एक में तकरीबन ४२% AASI आनुवांशिकता की मात्रा प्राप्त हुई है, तो दूसरे दो व्यक्तियों में तकरीबन १४ से १८% AASI आनुवांशिकता की मात्रा प्राप्त हो गई। (किन्तु उनमें AASI आनुवांशिकता के दो प्रमुख एवं समान स्रोतों का ईरानी खेतिहर से जुड़े आनुवांशिकता से हमेशा संमिश्रण हुआ है दिखाई देता है।) फिर भी इन अनुसंधान का निष्कर्ष यही दिखाता है कि, इंडस पेरीफेरी यह आनुवांशिक ग्रुप ग्रुप इ.स.पूर्व ३००० से २००० के काल का विस्तृत सिंधु प्रदेश के लोगों की अहम आनुवांशिक श्रृंखला दिखाती है। क्योंकि हमने आगे स्पष्ट किया ही है कि, इस ग्रुप के लोगों ने दक्खन एशिया के बाद के काल से जनसंख्या बढ़ाने के लिए कितनी अहम भूमिका निभाई है।

प्राचीन जिनोम संमिश्रण का दौर ढूँढने के लिए हमने नये तरीका विकसित किया है। (जिनोम में एक दूसरे के पड़ोसी गुणसूत्र की जोड़ी से आनुवांशिकता पहचानने के लिए पहले जो तरीका इस्तेमाल किया जाता था उसे अपनाकर करके; (अतिरिक्त सामग्री) हमने वह दौर इस तरह निश्चित किया है कि, इंडस पेरीफेरी के तीन सॅम्पल में से ईरानी खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिकता एवं AASI आनुवांशिकता का ५३ + १५ पिढ़ी से पहले याने एक पीढ़ी के लिए २८ साल यह दौर समझा जाये तो (२८) उसका दौर इ.स.पूर्व ४७०० से ३००० के दौरान होता है यह दौर ९५% कॉन्फिडन्स इन्टरवल से मेल करता है। उपरोक्त दो तरी के वंशों में एकदम पहली बार ही संमिश्रण होने की यह कम से कम कालावधि की गिनती हो सकती हे।

स्टेप (थण्ड पहाड़ी इलाका)

तीन इन्सान पश्चिम सायबेरिया के जंगली इलाके के (West Siberian

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

Forest Zone) प्रदेश से है। और उनका दौर इ.स.पूर्व ६२०० ते ४००० के दौरान का होने से इस अनुसंधान से उनकी भूमिका बहुत अहम है, क्योंकि इसके पहले के अनुसंधान में इस आनुवांशिकता के बारे में पहले विचार नहीं किया गया। जिन्हें हमने West Siberian HG यह नाम दिया है। उसमें : EHG से आई हुई आनुवांशिकता तकरीबन ३०% है, उत्तर युरेशियन के उत्तराधिकारी से तकरीबन ५०% आनुवांशिकता आई है (इ.स.पूर्व २२०० से १५०० के दौरान सायबेरिया के अति प्राचीन लोगों से जुड़ा हुआ (उत्तर ध्रुव) (२८, ३०) और वर्तमान पूर्व एशियायी आनुवांशिकता के तकरीबन २०% जुड़ी है। ही आनुवांशिकता दक्खन स्टेप एवं तुरान इनमें भी मौजूद थी क्योंकि इ.स.पूर्व ३००० के दौर में इस आनुवांशिकता ने स्टेप प्रदेश में ८०% तक पहुँच गई थी। जो डाली, कझाकस्तान इन प्रदेशों में घुमन्तु खोतिहर एवं तुरान प्रदेश के इ.स.पूर्व २००० के दौर में कई आऊटलियर इन्सानों में मौजूद है। (फिगर-२)

प्राचीन डीएनए से जुड़ी कांस्यपूर्व कालीन ग्रुप के साथ ही West Siberian HG का इस्तेमाल करके इ.स.पूर्व २००० से १४०० आ दौरान पूर्व योराप एवं ट्रान्स उरल स्टेप इस विस्तृत इलाके में तकरीबन एक जिनसी आनुवांशिकता के लोग रहते थे। (Steppe MLBA) (१७)। इस प्रदेश के अलग अलग समूहों में से शेष व्यक्ति बहुतसे व्यक्ति के नमूने एवं अन्य इस्तेमाल के साहित्य सूरनाया, पेट्रोका, सिंतस्था और ॲन्ट्रोनोहो कॉम्पलेक्स इस स्थान में प्राप्त हुए है और उस सबके बिच Steppe EMBA आनुवांशिकता एवं योरोप की मध्य अश्मयुगीन खेतिहर आनुवांशिकता इन दोनों से मिलकर संमिश्र आनुवांशिकता प्राप्त हुई है।

(Europe MN) यह अनुसंधान पहले के अनुसंधान के लिए अतिरिक्त जानकारी है। जिसमें कहा गया है कि, शुरुआत में पूर्व योरोपियन समूहों के पश्चिम दिशा से गतिविधि हो गई थी। और योरोप के स्थानिक खेतिहर के साथ मिलकर उसके बाद उन्होंने उरल के परे फिर पूरब दिशा से वापिस स्थानान्तरण चालू किया था। (६,१६,३१) हमारे नये डाटा सेट से हमें यह समझना और भी आसान हो गया कि, वर्तमान के कझाकस्तान एवं उसके पूरब का रशिया मिनूसिंग घाटी में Steppe MLBA इस आनुवांशिक समूह का विस्तार समझना आसान हो गया और ऐसा करते हुये इसके पहले ना जाँचे गये बहुत से स्थानों की खोज लेने में हमें

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

सहायता हो गई। इसके पहले अनुसंधान में जो कुछ सॅम्पल इस्तेमाल किया गया है वे तमाम Steppe MLBA West इस आनुवांशिक ग्रुप में मौजूद है। जिसमें Europe MN इस आनुवांशिकता का तकरीबन २६% मात्रा मौजूद है, तो Steppe EMBA इस आनुवांशिकता की मात्रा तकरीबन ७४% है। पहले विचार में ना लिये हुए Steppe MLBA East इस समूह को भी हमने हमारे नये डाटा के आधार पर पेश कर सकते है। यह समूह West Siberian HG से जुड़ी आनुवांशिकता से तकरीबन ८% से भिन्न है। (P= ७ x १०$^{-६}$ 9pAdm मुताबिक) और अन्य वंश के साथ मात्र यह ग्रुप इतना भिन्न नहीं है। जिससे यह दिखाई देता है कि, Steppe MLBA West यह आनुवांशिकता वहन करनेवाले लोग पूरब की ओर खिसकते हुये West Siberian HG से जुड़ी आनुवांशिक समूह के साथ जाकर मिल गये।

तुरान/ईरान समान इस हिस्से की सीमा प्रात के व्यक्ति (आऊटलिअर व्यक्ती) इसके बारे में ज्यादा जानकारी दे सकते है।

पहले सिंतस्था संस्कृति के कामेनयी अंबर V दफनभूमि में नये सिरे से प्राप्त ५० व्यक्ति के डीएनए अनुसंधान से पहले ४० व्यक्ति की आनुवांशिक गुट के साथ आऊटलिअर के (सीमा प्रान्त के) ३ ग्रुप उजागर हुये है। उस आऊटलेअर्स में Steppe EMBA, West Siberian HG या East Asian से जुड़ी आनुवांशिकता की मात्रा बड़ी मात्रा में पाप्त हुये है। (और उसका दौर अन्य व्यक्ति के समकालीन है।), इसका मतलब यह है कि, इस उपजाऊ स्थानों पर अलग अलग वांशिकता के लोग साथ साथ रहते थे।

अगला मुद्दा यह है कि, स्टेप दक्खन एवं पूरब की ओर इ.स.पूर्व १६०० से १५०० के दौरान तीन स्थानों से (दास्तीकोझी, तालडायसी एवं किझबुलक) सॅम्पल यह दर्शाता है कि, उनमें ईरानी खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिकता का संमिश्रण बड़ी मात्रा में था। इसका अर्थ यह है कि, तुरान से स्टेप प्रदेश में उत्तर दिशा में आनुवांशिक प्रवाह हुआ है और इसके साथ ही Steppe MLBA आनुवांशिकता के लोगो का स्थानान्तरण तुरान से दक्खन एशिया में हुआ है। अनुसंधान में उजागर हुये कुछ बातें यही स्पष्ट करती है कि, अन्य एशिया माऊन्टेन, कॉरिडोर (अन्तर एशियायी पर्बतीय महामार्ग) इस मार्ग से उत्तर एवं दक्खन इन दोनों दिशा से स्टेप प्रदेश से मानवी समूह का बड़ी मात्रा में स्थानान्तरण

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

हुआ है। (३२, ३३)

तीसरा मुद्दा इ.स.पूर्व १७०० से १५०० के दौरान कई स्थानों के सम्पल हमारी जाँच में खरे उतरे है। (मैतान, कैरान, ओय झायलाऊ एवं झेवाकिन्सकी) जो सॅम्पल यह दर्शाते है कि, उनमें से तकरीबन २५% इतनी आनुवांशिकता इस मुख्य स्रोत से बनी थी जिस स्रोत के वंशज वर्तमान पूर्व एशियाई (ईस्ट एशियन्स) एवं शेष Steppe MLBA वंश के लोग है। इस तरह आनुवांशिक ढाँचा (Ancestry Profile) यह उत्तरकालीन कांस्ययुग विस्तृत प्रदेश में फैला हुआ था, जो हमने जाँचे हुये झेवाकिन्सकी एवं अन्य स्थानों पर इ.स.पूर्व १५०० से १००० इस काल के सॅम्पल से स्पष्ट होता है और वह लोहयुगकालीन सायशोसर्माथीन दौर से भी मेल करता है (३४)। हमारा निरीक्षण इस बात से इन्कार करता है कि, इ.स.पूर्व १००० से सन १००० इस दौर में शक, कुषाण एवं हून इन्होंने वर्तमान के दक्खन एशिया के लोगों की आनुवांशिकता में स्टेप आनुवांशिकता (युरेशियन ब्राह्मणों की आनुवांशिकता लाई थी ऐसा जो पहले समझा जाता था उसका निपटारा होता है। और उसमें पूर्व एशियाई आनुवांशिकता हमारे अध्ययन में अत्यल्प मात्रा में प्राप्त हुई है। ऐसा हो सकता है कि, मध्य एशिया के कुछ सॅम्पल ना प्राप्त होने से समूहों के अत्यल्प मात्रा में पूर्व एशियाई लोगों से संमिश्रण होकर वे बाद में दक्खन आशिया में स्थानान्तरित हुये होंगे। फिर भी दक्खन आशिया के स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट ॲन्सेस्ट्री (घुमन्तु युरेशियन की आनुवांशिकता) इसका मूल यह इ.स.पूर्व २००० में स्टेप प्रदेश से दक्खन की ओर स्थानान्तरित होनेवाले लोगों की आनुवांशिकता में छिपा है। क्योंकि हमने हमारे अनुसंधान में यह साफ किय है कि, यह आनुवांशिकता स्वात घाटी की इ.स.पूर्व १००० के आसपास लोहयुगीन व्यक्ति में प्राप्त हुई है। (इसपर निर्भर ज्यादा विमर्श निम्नांकित है।)

दक्खन एशिया :-

इसके पहले इस अनुसंधान में यह दिखाया गया था कि, भारतीय आनुवांशिकता यह पश्चिमी योरोप की आनुवांशिकता का दक्खन आशिया की आनुवांशिकता के साथ अलग अलग मात्रा में संमिश्रण होकर भारतीय आनुवांशिकता तैयार हुई है- इसकी मात्रा प्राचीन समूहों का सांख्यिकीय पुनर्रचना दो हिस्सों में करके इस तरह

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

के मॉडेल में बताया गया था। (ANI व ASI- अर्थात एशियायी उत्तर भारतीय एवं एशियाई दक्खन भारतीय) और उनका संमिश्रण शायद इ.स.पूर्व २००० के बाद हुआ था ऐसा कहा गया है। (३५,३६) प्राचीन डीएनए अनुसंधान ने इसके भी आगे जाकर यह जानकारी बाहर निकाली है कि, भारतीय वंश के लोगों से आनुवांशिकता असल में कम से कम ३ प्राचीन वांशिक समूहों से निर्माण हुई है। (१७) और प्राचीन ईरानी खेतिहर Steppe EMBA एवं Onge इन समूहों से भारतीय लोग आनुवांशिकता से जुड़े हैं।

वांशिक संमिश्रण हुये उपरोक्त मामलों पर रोशनी डालने के लिए कम से कम तीन प्राचीन आनुवांशिक समूह के दो समूहों में (ANI एवं ASI) इन दो समूहों में किस तरह तब्दीली हो गई इसकी छानबीन करने के लिए हमने 9pAdm इस तन्त्र का इस्तेमाल किया -AASI ईरान/तुरान इन समूहों से जुड़े तमाम प्राचीन सॅम्पल और सभी प्राचीन ग्रुप के सॅम्पल इसका 9pAdm इस तन्त्र की सहायता से उगम के समूह को खोजना शुरु किया। क्योंकि हमारे अनुसंधान के मुताबिक तीन ग्रुप दक्खन एशिया के लोगों का उगमस्थान है। दक्खन एशिया के टेस्ट पाप्युलेशन के तौर पर अर्वाचीन ANI एक भारतीय जिसमें आनुवांशिकता मौजूद हो Cline Group लिया (पंजाबी-DG), अत्याधिक ASI आनुवांशिकता का यह एक ग्रुप लिया (Mala DG) एवं पूर्व लोहयुगीन स्वात व्हॅली के सॅम्पल लिये (Swat Protohistoric Grave Type-SPGT), और प्राचीन ऐतिहासिक स्वात व्हॅली के सॅम्पल (Butkara IA) लिये। फिगर ३A यह दर्शाती है कि, उपरोक्त चारों एशियन ग्रुप जो इस अनसंधान के लिए लिये गये है वे ASI, Indus Periphery एवं Steppe MLBA इस आनुवांशिकता का संमिश्रण है। (अगले ॲनालिसिस में इसलिए हमने Steppe MLBA को मिलाया। दक्खन एशिया के लोगों में स्टेप ॲन्सेस्ट्री के ज्यादा मात्रा में वांशिक स्रोत है। (Steppe MLBA) यह Y क्रोमोझोम उपरोक्त सबूतों से स्पष्ट होता है। क्योंकि Z93 सबटाईब पर R1a यह हॅप्लोग्रुप वर्तमान के दक्खन आशिया में आमतौर पर प्राप्त होता है। (३७,३८) और खास बात यह है कि Steppe MLBA इस आनुवंशिकता में वह ज्यादा मात्रा में प्राप्त होता है। (६८%) (१६) किन्तु Steppe EMBA इनमें बिलकुल प्राप्त नहीं होता है। (हमारे डाटा में उसकी मात्रा शून्य है।)।

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

तमाम भारतीय वंश की ज्यादा मात्रा में जानकारी प्राप्त हो इसलिए दक्खन एशिया के अलग अलग वांशिक भिन्नता के २४६ ग्रुप का पहले ही प्रकाशित हुआ जिनोमवाईज डाटा सहायता के लिए लिया। (II)। उनमें से १४० ग्रुप इस अनुसंधान के लिए हमने चुन लिये जो भारतीय वंश को (Indian Cline) दर्शाते है। (अन्य ग्रुप भारतीय वंश से मेल नहीं करते, क्योंकि वे एक तो आफ्रिकी या पूर्व एशियाई आनुवांशिकता से जुड़े है या उनकी सॅम्पल साईज छोटी है या उनमें अलग अलग आनुवांशिकता के लोग है।) इन तीन ग्रुप की आनुवांशिकता की मात्रा ढूँढने के लिए प्री-ग्रुप 9pAdm इस तंत्र का इस्तेमाल करना सांख्यिकिय दृष्टि से पेचीदा होनेवाला है, इसलिए हमने नया तरीका विकसित किया, जिससे तमाम भारतीय समूहों के आनुवांशिक डाटा चढ़ते क्रम के स्वरुप में इकट्ठे हम रच सकते है। हमार ॲनालिसिस यह प्रमाणित करता है कि, भारतीय वंश के तमाम ग्रुप में से ज्यादातर ग्रुप दो समूहों के संमिश्रण से इकट्ठे मॉडल के तौर पर दिखा सकते है। और उनके ॲनालिसिस उनके भीतर वांशिक ताल्लुक कैसे सक्रिय थे इसका अनुमान उससे निकाल सकते है। ASI में इंडस पेरीफेरी के कम से कम मात्रा जाँचने के लिए Steppe MLBA का कम से कम मात्रा शून्य तक लेने से हमें तकरीबन ३९% यह नतीजा प्राप्त हुआ। ANI में Indus Periphery आनुवांशिकता का ज्यादा से ज्यादा मात्रा ढूंढने के लिए AASI की मात्रा कम से कम शून्य किया तो हमें नतीजा तकरीबन ७२% प्राप्त हो गये। असल में Indus Periphery से जुड़ी आनुवांशिकता के पास गणितीय दृष्टि से ज्यादा से ज्यादा नज़दीकी दक्खन भारत के चार जनजातिय समूह (पल्लियार, उल्लादान, मलायमव आदियान) इन चार समूदायों में प्राप्त हुआ। और उत्तर पाकिस्तान (कुलथ के) लोकसमूह में हमें उसकी मात्रा बहुत ही अल्प प्राप्त हुआ। इसका अर्थ यह है कि, वर्तमान दक्खन एशिया ASI एवं ANI यह दो समूह स्वतन्त्र थे एवं वे आनुवांशिक दृष्टि से जिसका संमिश्रण नहीं हुआ ऐसे लोगों के दो अलग अलग गुट है।

9pGraph को-मॉडलिंग इस्तेमाल करके हम एक संमिश्र ग्राफ पल्लियार (ASI के प्रातिनिधिक लोक) और जुआंग (भारत के आस्ट्रो एशियाटिक भाषा बोलनेवाले समूह जिनमें पश्चिम युरेशियन वांशिकता की मात्रा बहुत अल्प है।) इन दोनों संमिश्र ग्राफ का संयुक्त अध्ययन करने पर यह नज़र आता कि, ASI में ईरानी

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिकता तकरीबन २७% और जुआंग इनमें मात्र ईरानी संमिश्रण नहीं हुआ उनमें केवल AASI की ही आनुवांशिकता मौजूद है। (फिगर-३) यह मॉडल यह भी दर्शाता है कि, प्राचीन ईरानी खेतिहर आनुवांशिकता में AASI आनुवांशिकता का संमिश्रण कम रखा फिर भी यह मॉडल ॲडमिक्सचर ग्राफ से मेल करता है और जिससे इसका मतलब यह होता है कि, यह आनुवांशिक पॅटर्न हमें देखने को मिलता है वह उत्तर से दक्खन एशिया में जिन का फ्लो होने से निर्माण हुये है। और उलटे दिशा से मात्र जिन फ्लो नहीं हुआ (फिगर-३) अतिरिक्त रह गया। भारत के लिए बिलकुल मिलता जुलता उचित ॲडमिक्सचर ग्राफ भी यही दर्शाता है कि, भारत के अतिप्राचीन वांशिक समूह मूलनिवासी शिकारी जनजाति भी प्राचीन एशियाई मानव के वांशिक शाखा है। जो ईस्ट एशियन Onge तथा ऑस्ट्रेलियन मूलनिवासी पुरखों के वांशिक शाखा एकदूसरे से जब जुदा हो गई थे उसी वक्त यह शाखा भी एकदूसरे से विभक्त हो गई थी। इस अनुसंधान में यह जानकारी इन मॉडेल्स की भी मिलती जुलती हो सकती है, जिसमें एशियाई लोगों का सामूहिक पूरब का विस्तार होते वक्त उनसे वर्तमान के तमाम पूर्व एशिया के एवं दक्खन एशिया के (पश्चिम युरेशियन लोगों के साथ आनुवांशिक संमिश्रण होने से पहले बिलकुल कम समय में उन्होंने AASI, ईस्ट एशियन्स एवं Onge एवं ऑस्ट्रेलियन्स इन वांशिक समूहों की निर्मिती की। (१९)

ॲडमिक्सचर लिंकेज डिसइक्वीयली ब्रीयम इस तंत्र का इस्तेमाल करके दक्खन भारतीय पल्लियार इस समूह के लोगों के साथ ईरानी खेतिहर एवं AASI आनुवांशिकता के लोगों का आनुवांशिक सम्बन्ध यह १०७ +११ इतनी पीढ़ी के पहले हुआ है, यदि एक पीढ़ी की उम्र २८ बरस मान ले तो यह दौर इ.स.पूर्व १७०० से ४०० इस काल से ९५% मेल करता है। (२८)। यह दौर इसके पहले कलश के व्यक्ति के साथ जोड़े गये ११०+१२ पीढ़ी के पहले दौर से जुड़ता है। (३९) यह निष्कर्ष यह भी कहते है कि, इ.स.पूर्व २००० में ASI एवं ANI ऐसे कुछ ग्रुप नहीं थे। और यह अनुसंधान यह भी कहता है कि, इ.स.पूर्व ३००० के शुरुआत में पश्चिम एशियाई लोगों का विस्तार भारतीय महाद्विप में होते वक्त ASI यह ग्रुप तैयार हो गया। (जिसमें यह लोग स्थानिक लोगों से मिलकर दक्खन भारत में शुरुआत को खेतिहार से जुड़ी अर्थव्यवस्था की शुरुआत की। (४०) या

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

सिंधु संस्कृति का पतन होने के बाद वहाँ के लोगों का पूरब दिशा की ओर स्थानान्तरण होने से भी यह ग्रुप तैयार हो गया होगा ऐसा हम कह सकते है। (४१) आगे और भी सबूत यह स्पष्ट करते है कि, ASI का कांस्ययुग यह हमारे अनुसंधान में जुआंग समान भारत के आस्ट्रो एशियाटिक भाषा समूह बोलनेवाले लोगों ने घेर लिया है। जिनमें ASI की तुलना में AASI की मात्रा ईरानी खेतिहर आनुवांशिकता की मात्रा से भी अधिक है। (फिगर ३ अतिरिक्त सामग्री) इ.स.पूर्व ३००० के आसपास दक्खन एशिया में आये मानवी समूहों में से आस्ट्रो-एशियाटिक भाषा बोलनेवाले लोग विकसित हुये। (हिल कल्टीवेशन सिस्टीम के साथ ऑस्ट्रो-एशियाटीक भाषा के विस्तारपर यह अनुमान निर्भर है।) (२०) और हमारा आनुवांशिक निष्कर्ष यह दर्शाता है कि, जब आस्ट्रो-एशियाटिक भाषा बोलनेवाले लोग आये तब वे ईरानी खेतिहर आनुवांशिकता की तुलना से AASI आनुवांशिकता ज्यादा मात्रा में मिश्रित हो गई। जो दर्शाता है कि, उपमहाद्विप में ASI यह लोग तब तक सबसे ज्यादा मात्रा में फैले नहीं थे।

अन्त में कहना हो तो स्वात घाटी का दौर इ.स.पूर्व १२०० से इसवीसन का पहला साल यह हमारे अनुसंधान का दौर हुआ। फिर भी गोणूर एवं शहर-ए-सोख्ता इन स्थानों पर इंडस पेरीफेरी के सॅम्पल की आनुवंशिकता यह प्राचीन सॅम्पल के समान ही (SPGT) पाई गई। किन्तु उनमें Steppe MLBA आनुवांशिकता की मात्रा कम प्राप्त हुई। (तकरीबन २२%) यह निष्कर्ष सीधा-सीधा यह प्रमाण दे रहा है कि, Steppe MLBA यह आनुवांशिकता दक्खन एशिया के लोगों के साथ इ.स.पूर्व दूसरी सहस्राब्दी में मिश्रित हुई। और Steppe MABA इस आनुवांशिकता के लोगों में तुरान मार्फत दक्खन दिशा की ओर स्थानान्तरण भी इसी वक्त हुआ। और यही स्थानान्तरण इ.स.पूर्व २००० से १५०० के दौरान अहम MABA प्लस्टर के स्वरुप में आऊटलेअर के जरिये हुआ। स्वात प्रदेश के बाद के काल के सॅम्पल इ.स.पूर्व पहिले सहस्राब्दी का होकर उनमें Steppe AASI आनुवांशिकता प्रमाण ज्यादा है और यह प्रमाण भारतीय आनुवांशिकता में भी इसी तरह नज़र आता है। जो यह दर्शाता है कि, बाद के काल में स्टेप आनुवांशिकता के लोगों का इस प्रदेश में बड़ी मात्रा में स्थानान्तरण हुआ और उनका बाद के काल में ASI आनुवांशिकता के लोगों से

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

संमिश्रण हुआ।

पुरातत्त्वशास्त्रीय एवं भाषा शास्त्रीय आधार :-

हमारा अनुसंधान यह कहता है कि, ईरानी खेतिहर एवं दक्खन एशियाई शिकारी वंश के लोग (Indus Periphery) यह इ.स.पूर्व ३ री सहस्राब्दी में सिंधु प्रदेश में स्थापित हो गये थे और उनमें ईरानी खेतिहर आनुवांशिकता का एवं AASI आनुवांशिकता के लोग यह आमतौर पर इ.स. पूर्व ४७०० से ३००० के दौरान जाकर मिले। जो यह दर्शाता है कि, ईरानी खेतिहर से जुड़े लोग यह सिंधु संस्कृति में इ.स. पूर्व ४ थी सहस्राब्दी में जाकर बसे थे। फिर भी दक्खन एशिया में इसके पहले ईरानी खेतिहर से जुड़ी आनुवांशिकता बड़ी मात्रा में फैली होगी क्योंकि इ.स.पूर्व ७ वी सहस्राब्दी से दक्खन एशिया में गेहू एवं बाजरा की खेती और इसके साथ ही भेड़ बकरी पालन की पद्धति भी विस्तारित हो गई थी। यह सिंधु संस्कृति के आसपास के मेहरगढ़ समान पहाड़ी इलाके से स्पष्ट होता है। (२०,२१) और इस तरह की घरेलु जीवन शैली उन लोगों ने अपने स्थानान्तरण के साथ अलग अलग दिशा में फैलाई होगी। खेती व्यवस्था से जुड़ी इन मानव समूह का इतिहास कुछ भी हो जेनेटिक डाटा यही दिखाता है कि, Indus Periphery से जुड़ी आनुवांशिकता ने ANI एवं ASI इन दो समूहों को बड़ी मात्रा में बढ़ाया है। और यह दोनों समूह इ.स.पूर्व २ री सहस्राब्दी में सिंधु संस्कृति के पतन के पश्चात् तथा उनके बाद भारतीय उपखण्ड में उत्तर भारत के सेटलमेंट पॅटर्न में बड़े पैमाने पर बदलाव होने से तैयार हुआ है। (४१) एक अजीबोगरीब परिकल्पना यह है कि, Steppe MLBA इस वंश के लोग दक्खन की ओर आये एवं सिंधु संस्कृति के पतन के समय Indus Periphery वंश के समूह के साथ मिश्रित हो गये और उन्होंने ANI (एशियाटिक नॉर्थ इंडियन्स) यह ग्रुप तैयार किया, बाद में Indus Periphery के वंश का समूह और आगे दक्खन की ओर एवं पूरब की ओर खिसकते हुये गये और भारतीय उपद्विप के AASI समूह के साथ मिश्रित होकर ASI (एशियाटिक साऊथ इंडियन्स) यह ग्रुप तैयार किया। यह विचार इससे पुख्ता किया जाता है कि, सिंधु संस्कृति लोगों का दक्खन की ओर विस्तार होने से उन्होंने द्रविडी भाषा के लोगों को निचे धकेल दिया (४२, ४४)

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

किन्तु दक्खन की द्रविडी भाषा यह प्रमुखता से भारतीय उपखण्ड की सिंधु पूर्व कालीन भाषा से विकसित होने से उपरोक्त विचार सहमत हो सकते है, क्योंकि ASI आनुवांशिकता यह भी प्रमुखता से AASI आनुवांशिकता से ही विकसित हुई है।

भारत एवं योरोप में बोले जानेवाले इंडो-योरोपियन भाषा समूहों के उगम के सवाल पर भी हमारा अनुसंधान रोशनी डालता है। (४५) यह ध्यान में लेने लायक है कि, इंडो-योरोपियन भाषा बोलनेवाले लोग वर्तमान में योरोप एवं दक्खन एशिया में ज्यादा मात्रा में रहते है और उनमें यामनया स्टेप पॅस्टोरॅलिस्ट (Steppe EMBA) इस आनुवांशिकता की मात्रा भी उनमें ज्यादा है। यह जो दर्शाता है कि, "लेट प्रोटो-इंडो-युरोपियन्स" (उत्तरकालीन प्राथमिक इंडो-युरोपियन्स भाषा)- यह भाषा तमाम इंडो-युरोपियन भाषा समूह की प्राथमिक भाषा है। और यह यामनया भाषा है। (४६) किन्तु विभिन्न डीएनए अनुसंधान ने मात्र स्टेप पदेश के वहाँ के लोगों की स्थानान्तरण की दिशा पश्चिम की ओर दर्शाई है। जिससे यह आनुवांशिकता योरोप में फैल गई। (५,३१) किन्तु दक्खन एशिया में मात्र इस तरह की आनुवांशिक प्रसार का सबूत प्राचीन डीएनए अनुसंधान से प्राप्त नहीं हुआ। इ.स.पूर्व दुसरी सहस्राब्दी में Steppe MLBA समूह की आनुवांशिकता की मात्रा हमारे अध्ययन में बड़ी मात्रा में प्राप्त हुई है। और यह बात पुरातत्विक सबूतों से सिद्ध हुई है कि, मध्यकालीन से उत्तर कालीन कांस्ययुग के स्टेप प्रदेश के कझाक में संस्कृति एवं भारत की प्राचीन वैदिक संस्कृति इनमें ताल्लुक है यह आगे दिया गया है। (४६)

स्टेप आनुवांशिकता एवं इंडो-योरोपियन कल्चर इनके ताल्लुकात के बारे में हमारे अनुसंधान में भी एक अलग ही रोशनी डाली गई है। इंडियन आनुवांशिक गुट में तमाम १४० लोगों का डाटा जब हमने ANI एवं ASI इनका संमिश्रण जाँचने के लिए 9pAdm टेस्ट का इस्तेमाल किया तब उनमें से १० ग्रुप में हमें Indus Periphery आनुवांशिकता की तुलना में Steppe MLBA इस आनुवांशिकता की मात्रा खास तौर पर बढ़ी हुई नज़र आई और निर्धारित मॉडेल्स की दृष्टि से बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया था। ($Z \geq 3$)। ब्राह्मण तिवारी ($P=2 \times 10^{-5}$) एवं Brahmin UP ($P= 4 \times 10^{-5}$) इनमें हमें स्ट्राँग सिग्नल प्राप्त हुये और

Generated for #1470 Lakshmi Kanta Mahato lkmahato1@gmail.com {{mobile}}

आमतौर पर उत्तर भारत के पारम्पारिक पुरोहित के ग्रुप में भी इसी तरह बढ़ोत्तरी दिखाई दी। (Z≥3) ब्राह्मण या भूमिहार इनके ग्रुप तलना से उत्तर भारतीयों के ग्रुप से कम याने ७४ इतने एवं अनुपात में केवल ११% इतना ही हमारी जाँच में था।) अलबत्ता उक्खन भारत के ग्रुप के ब्राह्मण एवं भूमिहार इनमें स्टेप आनुवंशिकता का प्रमाण प्रतीकात्मक पाया गया, क्योंकि यह दोनों ही लोग संस्कृत में लिखे गये ग्रन्थ के रखवालदार है। इसका खुलासा इस तरह कर सकते है कि, इ.स.पूर्व दूसरी सहस्राब्दी में Steppe MLBA आनुवांशिकता के लोग जब दक्खन आशिया में आये तब उन्होंने बड़ी–बड़ी जनसंख्या के अलग अलग समूह (ग्रुप्स) बनाये जिसमें स्टेप आनुवांशिकता की मात्रा कम ज्याद थी। किन्तु उनमें से स्टेप आनुवांशिकता का बहुत ज्यादा मात्रा के एक समूह ने प्राचीन वैदिक संस्कृति फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। दक्खन एशिया में सगोत्रीय विवाह की मात्रा बहुत ज्यादा होने से इस तरीके से हजारों सालों पहले भारत के समूहों को पड़ोस–पड़ोस में रहने के बावजूद भी एकदूसरे से अलग रखा। (३५) इसी तरह की संरचना भारतीय लोगों में अब भी बरकरार है।

